e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 272
गुरुवार
05.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
अगर कुछ गलत हो रहा हैं तो, उससे भागने की बजाए उसे, ठीक करे तभी आगे बढ़ पाएंगे !

## क्विक न्यूज

### ईसाई धर्मगुरू कार्डिनल तेलस्फोर पी टोप्पो का निधन, शोक की लहर



**रांचीः** झारखंड के कार्डिनल तेलस्फोर पी टोप्पो का निधन हो गया है. यह जानकारी बिशप फेलेक्स टोप्पो की ओर से दी गई है. बताया गया है कि कार्डिनल लंबे समय से बीमार थे. उन्होंने बुधवार शाम को मांडर के कॉन्स्टेंट लिवेंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में अंतिम सांस ली. वह 84 साल के थे. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है. बिशप फेलेक्स ने कहा कि कार्डिनल ने छोटानागपुर में चर्च के विकास में अहम भूमिका अदा की थी.कार्डिनल तेलस्फोर पी टोप्पो भारत के चंद ईसाई धर्म गुरुओं में से एक थे जो वेटिकन में पोप के चुनाव में भाग लेते थे. वह बेहद दयालु और मिलनसार थे. गुमला के चैनपुर में 15 अक्टूबर 1939 को कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का जन्म हुआ था. उनके पिता एंब्रोस टोप्पो और माता सोफिया खलखो थीं. अपने दस भाई बहनों में कार्डिनल पी टोप्पो आठवें नंबर पर थे.इनके निधन पर सीएम हेमंत सोरेन सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। (विस्तृत खबर पेज 3 पर)

### गुमला में बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट नीचे खाई में गिरा, दो की मौत

**गुमला** : जिले के बिशुनपुर प्रखंड में बुधवार की सुबह नेतरहाट जाने के मार्ग पर जोहनडेरा घाटी में बॉक्साइट लदा ट्रक 500 फीट नीचे खाई में गिर गया। हादसे दो लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच लोग घायल हैं। मृतकों में एक बच्चा व एक महिला है। भारी बारिश के बीच बिशुनपुर और गुरदरी थाना की पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों व मृतकों को खाई से निकाला।बताया जाता है कि बॉक्साइट ट्रक माइंस से लोहरदगा जा रहा था। जोहनडेरा घाटी के समीप ट्रक खाई के नीचे जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि गाड़ी में महिला का शव फंसा हुआ था, जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को अस्पताल लाया गया है। पांच में से दो घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### उप मुख्यमंत्री ने महिला चिकित्सक को बर्खास्त किया

**हमीरपुर** : कस्बा राठ स्थित सीएचसी में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. नमृता को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को बर्खास्त कर दिया है। वह काफी दिनों से अस्पताल से नदारद चल रही थीं। जिले की राठ सीएचसी में मरीजों की सर्वाधिक भीड़ रहती है। अस्पताल के मैटरनिटी विंग में प्रसव कराए जाते हैं। अस्पताल में आए दिन किसी न किसी प्रकार का विवाद होता रहा है। यहां चिकित्सकों की भारी कमी है। इसको लेकर जनप्रतिनिध डॉक्टरों व स्टाफ की मांग करते रहे हैं। यहां पिछले कई महीनों से तैनात डॉ. नमृता ड्यूटी नहीं कर रही थीं। इस शिकायत पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया है।

### पश्चिमी सिंहभूम में दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म, आरोपित छह युवक गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों की आबरू तार-तार हो गई। इसका खुलासा बुधवार को हुआ है। दोनों बच्चियों के साथ दो दिन तक छह युवकों ने दरिंदगी की। घर पहुंचने पर बच्चियों ने परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन उन्हें लेकर नोवामुंडी थाना पहुंचे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। यह बच्चियां शुक्रवार को मजदूरी करने नोवामुंडी गई थीं। देरशाम घर लौटने के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही थीं। दोनों को अकेला देखकर पादापहाड़ के दो युवकों ने उन्हें घर पहुंचाने का प्रलोभन देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। कुछ देरबाद पेट्रोल खत्म होने का नाटक कर उन्हें दूधबिला गांव ले गए। वहां इन युवकों ने अपने चार अन्य दोस्तों को बुला लिया। यहां दोनों को अलग-अलग बाइक में बैठा कर किसी और गांव ले गए। इस गांव में सभी ने दो दिन तक उनके साथ हैवानियत की। इसके बाद छोड़ दिया। इसके बाद लड़कियां किसी तरह घर पहुंचीं।

### रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्यूनतम 23°

---

**मुख्यमंत्री ने पलामू में राज्य के सातवें अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट का किया शुभारंभ**

# आत्मनिर्भर बनेंगे किसान व पशुपालक : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**
* कृषि एवं वन उपजों को बाजार भी उपलब्ध कराएंगे, एमएसपी भी तय करेंगे
* जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वैकल्पिक खेती और इससे जुड़े अन्य कार्यों की दिशा में आगे बढ़ें
* बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार पेड़ लगाने और उसे बचाने के लिए सरकार दे रही आर्थिक मदद
* किसान आगे बढ़ेंगे तभी राज्य और देश आगे बढ़ेगा
* दूध उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ रहे कदम
* डेयरी प्लांट से किसानों पशुपालकों की बढ़ेगी आय, जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : किसान आगे बढ़ेगा तभी राज्य और देश भी आगे बढेगा। इस संकल्प के साथ किसानों- पशुपालकों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को पलामू में राज्य का सातवां अत्याधुनिक डेयरी प्लांट राज्यवासियों को समर्पित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डेयरी यहां के किसानों-पशुपालकों के जीवन में बदलाव लाने में वरदान साबित होगा।

**मुख्यमंत्री ने पलामू में राज्य के सातवें अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट का किया शुभारंभ**

#### किसान अपने पैरों पर होंगे खड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इनकी आमदनी में इजाफा हो। ये बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकें। इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों पशुपालकों से कहा कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर इसका लाभ ले और राज्य को भी मजबूती देने में योगदान करें। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे तो सरकार आपको चार कदम आगे बढ़कर सहयोग करेगी।

#### पशुधन को दे रहे हैं बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में किसानों के लिए पशु काफी मायने रखती है । ऐसे में किसानों को पशुधन से समृद्ध करने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है । इसके तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों- पशुपालकों को पशु दिए जा रहे हैं । इतना ही नहीं, पशु शेड के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का मकसद किसानों को पशुपालन से जोड़कर उनकी आय को बढ़ाना है।



#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव और श्री बादल, विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

#### दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों पशुपालकों को कहा कि सरकार डेयरी प्लांट खोल सकती है , लेकिन इसे चलाने का जिम्मा आपका है । आप जितना ज्यादा दूध इस प्लांट को उपलब्ध कराएंगे , उतना ही ज्यादा दुग्ध और दुग्ध उत्पाद यहाँ तैयार होंगे। इससे ना सिर्फ यह डेयरी प्लांट मजबूत होगा, बल्कि आपकी भी आमदनी बढ़ेगी । उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो यहां और भी डेयरी प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

**जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही चुनौतियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हो रहे जलवायु परिवर्तन से हमारी चुनौतियां भी बढ़ रही है। इसका इससे सबसे ज्यादा किसान प्रभावित हो रहे हैं । मौसम में आ रहे इस बदलाव से कहीं बाढ़ आ रहा है तो कहीं सुखाड़ की स्थिति पैदा हो रही है। इस वजह से फसल उत्पादन प्रभावित हो रही है। अगर हम अभी सचेत नहीं हुए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने की लिए तैयार रहना होगा। ऐसे में वैकल्पिक खेती और इससे जुड़े अन्य कार्यों की दिशा में आगे आगे आना होगा । इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं भी शुरू की है । आप इस योजनाओं से जुड़े और खुद को जलवायु परिवर्तन के बीच खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं।

**बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम में जिस तरह की अनिश्चिता बनी रहती है, उसको देखते हुए सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की है। किसान इस योजना से जुडें और अपनी जमीन में विभिन्न प्रकार के फलदार पेड़ लगाएं। इसके लिए सरकार की ओर से आपको पेड़ लगाने के साथ पेड़ बचाने के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का लाभ लेकर आप कृषि के साथ-साथ फलों से भी अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

---

## सिक्किम में बादल फटने से 23 जवान समेत 43 लोग लापता



**बाढ़ की वजह से नेशनल हाईवे एनएच -10 भी बह गया. इसके चलते आवाजाही की सुविधा बंद हो गई है.इस दौरान रेस्क्यू टीम ने आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया है. कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया. लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए.**

एजेंसी

**गंगटोक** : सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई. मिली जानकारी के मुताबिक,अब तक 43 लोग लापता हो गए हैं. इनमें 23 सेना के जवान भी शामिल है. बाढ़ में 5 लोगों की मौत हो गई.नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गई. प्रधानमंत्री ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की. उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया. जानकारी के मुताबिक,ल्होनक झील के ऊपर देर रात करीब डेढ़ बजे के आसपास बादल फटा, इसके बाद लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई. नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया. इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया.बादल फटने के बाद से तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई है. बाढ़ की वजह से नेशनल हाईवे एनएच -10 भी बह गया. इसके चलते आवाजाही की सुविधा बंद हो गई है.इस दौरान रेस्क्यू टीम ने आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया है. कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया. लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए.सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं. राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से 3 शव बरामद किए गए हैं. उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है.

---

## रिश्वत लेते कोलियरी कर्मी व मनरेगा का अभियंता अरेस्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका (रामगढ़)** : सीसीएल सिरका कोलियरी में बुधवार को सीबीआई व एसीबी की टीम ने एक साथ छापामारी कर घुस के 30 हजार रुपये के बरामदगी के साथ क्लर्क संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जैसे ही यह खबर फैली कार्यालय सिरका कर्मचारी और अरगड्डा क्षेत्र में हड़कंप व्याप्त हो गया। सीबीआई और एसीबी टीम के द्वारा पर्सनल विभाग के कागजातों, कंप्यूटर और पड़ाये क्लर्क के लैपटॉप की भी जांच पड़ताल की गई। जांच पड़ताल के बाद जांच टीम पकड़े क्लर्क संदीप कुमार को हाथ धुलवा व 30 हजार रुपया बरामद कर अपने साथ ले गई। जानकारी के मुताबिक कोलयरी सिरका में कार्यरत सीसीएल कर्मी पूर्व डंपर ऑपरेटर स्वर्गीय राजू मुंडा की मृत्यु 15 जुलाई 23 को हो गई। इसके बाद मृतक की पत्नी लता देवी सिरका मुंडा पट्टी निवासी अनुकंपा पर नौकरी लेने के लिए कार्यालय सिरका का दौड़ लगा रही थी। यहां कागजात को आगे बढ़ाने और स्क्रीनिंग कमेटी से पास करने के नाम पर 30 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने सीबीआई व एसीबी रांची को किया था। पीड़ित के सूचना के बाद छापेमारी में घुस का रुपया बिल आंफिस के पुराने फाईल के नीचे से मिला। इधर एक और घटनाक्रम में हजारीबाग जिले के डांडी प्रखंड में कार्यरत मनरेगा अभियंता सुशील प्रसाद केसरी को हजारीबाग के एसीबी की टीम ने बुधवार को आवास से दस हजार रुपये लेते हुए पकडा और अपने साथ ले गई।

जैसे-जैसे लोगों को पता चला डाडी प्रखंड में भीड लगने लगा। सूत्रों से पता चला है कि मनरेगा कार्य में पैसे की लेनदेन होता रहा है। डाड़ी प्रखंड में मनरेगा योजना में हमेशा लुट मची हुई है। इस तरह से लाभुकों को बहुत ही दिक्कत होती है।

---



## एशियन गेम्स : भाला फेंक में भारत को मिले दो पदक

एजेंसी

**हांगझोऊ** : चीन में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत को दो पदक मिले हैं। प्रतियोगिता में भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। वहीं भारत के ही किशोर जेना ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरे नंबर पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया है।नीरज चोपड़ा ने 88.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक पर जीता।

वहीं, किशोर जेना ने 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। जापान के गेंकी डीन 82.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक जीता।नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो 82.38 मीटर का रहा। दूसरी बार में 84.49 मीटर की दूरी तक थ्रो किया। नीरज का तीसरा थ्रो फाउल रहा। इसके बाद चौथे प्रयास में उन्होंने 88.88 मीटर का थ्रो किया। पांचवें में 80.80 मीटर की दूरी तक थ्रो किया। नीरज का छठा थ्रो फाउल रहा। इस तरह 88.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।वहीं भारत के ही किशोर जेना का बेस्ट थ्रो चौथे प्रयास में आया। उन्होंने पहला थ्रो 81.26 मीटर का किया था।

---

## लालू, राबड़ी और तेजस्वी को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत



एजेंसी

**नई दिल्ली** : नौकरी के बदले जमीन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू परिवार के सदस्यों को जमानत दी है.आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी को अदालत से जमानत मिली है.तीनों ही लोगों को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है. इस मामले पर अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होने वाली है. इस मामले में पेशी के लिए लालू परिवार दिल्ली भी पहुंचा हुआ था.दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान लालू परिवार के तीन सदस्यों के अलावा 17 आरोपी अदालत में पेश हुए. लैंड फॉर जॉब्स मामले या कहें नौकरी के बदले जमीन मामले में ये एक नया केस है. इस मामले में तेजस्वी के साथ उनकी माता-पिता लालू और राबड़ी देवी को भी आरोपी बनाया गया है. सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है और उसने तीन जुलाई को एक चार्जशीट भी दायर की थी, जिसमें तेजस्वी को आरोपी बनाया गया.राउज एवेन्यू कोर्ट ने सितंबर में लालू परिवार समेत सभी आरोपियों को 4 अक्टूबर को पेश होने का आदेश दिया. इस मामले पर सुनवाई के लिए ही लालू परिवार बिहार से दिल्ली आया था. सीबीआई की तरफ से जिस नई चार्जशीट को दाखिल किया गया, उसमें तेजस्वी का नाम भी शामिल किया गया. इससे पहले जिस चार्जशीट को दायर किया गया था, उसमें लालू यादव, राबड़ी देवी, इनकी बेटी मीसा भारती समेत अन्य लोगों के नाम थे. फिलहाल ये सभी जमानत पर हैं.

---

## निलंबित आईएएस छविरंजन की बेल याचिका खारिज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त और निलंबित आईएएस अधिकारी छविरंजन की ओर से दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने छविरंजन की डिफॉल्ट बेल की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में अनुसंधान पूरा कर सही समय पर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। इसलिए डिफॉल्ट बिल का मामला नहीं बनता है। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।छवि रंजन ने डिफॉल्ट बेल से संबंधित सीआरपीसी की धारा 167 के पिटीशन को ईडी कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। छविरंजन ने निचली अदालत में ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र में त्रुटि होने और निर्धारित समय से चार्जशीट दाखिल नहीं होने को जमानत देने का आधार बनाया था। इसी के आधार पर उनकी ओर से ईडी कोर्ट से जमानत का आग्रह किया गया था, जिसे ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद




उन्होंने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई को गिरफ्तार किया गया था। इधर हाई कोर्ट में लैंड स्कैम के आरोपित अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है।

---

### आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले 400 से भी ज्यादा अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसके तहत 78 अस्पतालों को गड़बड़ी करने के आरोप में डि-इम्पैनल्ड यानी सूची से हटा दिया गया है। साथ ही 89 अस्पतालों से करीब एक करोड़ रुपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 250 से भी ज्यादा अस्पतालों को शो-कॉज किया गया है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• 24x7 अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर
• अत्याधुनिक प्रसूति कक्ष
• Vaccination
• NICU
Dr. S.K Das (MBBS, DGO, MS)
Dr. Rashmi Sinha (MBBS, MS)
Dr. Nupur MBBS, MS (OBS & GYNAE)
Dr. Arpita Das MBBS, MS (Obs & Gynae)
OPD : Monday to Saturday 10AM to 5PM
7808368888 www.asarfihospital.com

# भाजपा की संकल्प यात्रा के दौरान छत्तरपुर में जनसभा का हुआ आयोजन

## झारखंड को हेमंत सरकार ने लूट का अड्डा बना दिया : बाबूलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** भाजपा द्वारा संकल्प यात्रा के दौरान छतरपुर बारा फुलवारी मैदान में बुधवार को झमाझम बारिश के बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित किया मैदान में पहुंचे लोगों के बीच संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के लिए कई सारी जनकल्याण योजना लागू किया है जिसमे पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना जिसमे फ्री गैस कनेक्शन दिया, जनधन योजना , कोरोना काल में राशन कार्ड धारी को 5 -5 किलो अनाज मुफ्त दिया गया। विश्वकर्मा जनकल्याण योजना । प्रधानमंत्री ने देश में 35त्न का आरक्षण महिलाओं को देकर जन कल्याण के लिए भागीदार बनाया है जन औषधि केंद्र खोला गया है ऐसी कई अनोखी योजना लागू किया गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा की झारखंड सरकार में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमरा सी गई हैं। हेमंत की सरकार ने राज्य को लूट का अड्डा बना दिया है सड़क पर खुलेआम हत्या, गुंडागर्दी बेख़ौफ़ हो रही है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर झारखंड को बचाना है तो 2024 में भाजपा को लाना है मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है ।झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनाना होगा। क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद विजय सिंह के आवास पर भोजन की व्यवस्था की गई थी जहां पहुंचने पर विजय सिंह, कैलाश सिंह, संजय द्वारा जोरदार स्वागत किया गया कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज कुमार, विजयानंद पाठक, मनोज सिंह, परशुराम ओझा, अरविंद सिंह, जितेंद्र कुमार, चंदन यादव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं लोग उपस्थित थे।

# अपने ऊपर लगाए गए आरोप का मुखिया पति ने किया है खंडन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बुधवार को मुखिया पति पर कूआ के नाम पर 15000 रुपया लेने का लगाया आरोप शीर्षक से खबर प्रकाशन के बाद मुखिया पति सुरेश भंडारी ने इसका खंडन विज्ञप्ति के माध्यम से किया है। दिये गए विज्ञप्ति के माध्यम से मुखिया पति ने कहा है कि परवेज अंसारी द्वारा निलंबित मुखिया के इशारे पर उक्त आरोप लगाया जा रहा है।मेरे द्वारा परवेज़ अंसारी से कोई भी पैसा नही लिया गया है। यह आरोप पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और मुखिया को बदनाम करने के लिये किया जा रहा है। रहा बात उक्त टीसीबी का जिसमे उक्त योजना **ग्राम कोइन्दी में परवेज़ अंसारी के खेत मे टीसीवी निर्माण** परवेज़ अंसारी द्वारा कराया गया है।योजना के रेकार्ड में परवेज़ अंसारी का हस्ताक्षर है।मास्टर रोल पर हस्ताक्षर है। काम भी उसने करवाया है। 22000 रुपये की निकासी भी उनके द्वारा कर लिया गया है। वे निलंबित मुखिया के इशारे पर गलत आरोप लगा कर पंचायत में विकास के कार्यो में बाधा पहुचने का प्रयास कर रहे है।

# रविदास विकास समिति ने हृदय रोग से पीड़ित परिवार को किया आर्थिक मदद

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के ग्राम बारा निवासी श्री जनेश्वर राम के रविदास विकास समिति के संस्थापक सदस्य है और विगत कई माह से हृदय रोग से ग्रसित है और इनकी हार्ट का सर्जरी दो दिन पूर्व उतर प्रदेश के कानपुर मे हुआ है, और जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे है और आर्थिक का स्थित काफी गंभीर हालत बना हुआ है। नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे संचालित रविदास विकास समिति ने 10000 नगद राशि सहयोग दिया ।मौके पर मौजूद समिति के अध्यक्ष श्री रामगोविंद राम शिक्षक ने कहा कि गंभीर रूप से ग्रसित रोग से पीड़ित परिवार, अकाल मृत्यु और दुर्घटना व मेघावी छात्र-छात्राओं की समिति मदद के हमेशा तत्पर रहेगी। मौके पर समिति मुख्य संरक्षक श्री जुदागिर राम शिक्षक, उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक,कोषाध्यक्ष जगदीप कुमार राम, सचिव कृष्णा कुमार रवि, शिक्षक लल्लू राम समेत् अन्य लोगों मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण मेले का हुआ आयोजन



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बुधवार को पोषण मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र के अंबा प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। मौके पर मौजूद बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत सुपोषित परिवार विषयगत पोषण मेला पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर और वीएच एस एनडी पर गतिविधियों का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि कुपोषण के खिलाफ जंग में सबकी भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी अनुसेवक पारसनाथ राम सेविका विमला कुमारी एएनएम शांति कुमारी सहिया मीना कुमारी सहायिका सुनीता देवी आदि मौजूद थी।

# विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत भूलाईडीह गांव निवासी अमृत यादव का 22 वर्षीय पुत्र बिहारी यादव की मौत विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सीढ़ी से छत पर चढ़ रहा था। तभी वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों का रोरोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को स्थानीय नदी घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। वहीं इस घटना पर पंचायत की मुखिया काजल कुमारी पंसस उषा देवी समाजसेवी सतेंद्र मेहता, हीरालाल यादव सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना जताई है।

# पंडवा के आठ गांव में आज होगी विशेष ग्राम सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री चंद्र देव प्रसाद ने पांच पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सदस्य के साथ बैठक करते हुए सांसद आदर्श ग्राम योजना से संबंधित आगे की कार्य योजना पर संवेदनशीलता से सर्वे करते हुए बेस लाइन सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा ताकि संबंधित गावों के विकास का कार्य तेजी से प्रक्रिया में लिया जा सके। पांचों पंचायत में से एक पंचायत कजरी के मुखिया अनुपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने अपने प्रखंड के चयनित सांसद आदर्श ग्राम योजना ग्राम का बेस लाइन सर्वे कर इस माह के अंत तक रिपोर्ट करें। उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 5 अक्टूबर को चयनित सभी ग्रामों में ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति का गठन करना है और ग्राम स्तरीय अवसंरचनात्मक आवश्यकता संबंधी डेटा तैयार करना एवम ग्राम के परिवार तथा व्यक्तियों से संबंधित बेस लाइन सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करते हुए 25 अक्टूबर तक करना है। पंडवा के 8 गांव छेछोरी पंचायत से छेछौरी, चिल्ही एवम बरवाडीह गांव, पतरा पंचायत से लामी पतरा गांव, मझिगाव पंचायत से रब्दी,कजरी पंचायत से बटसारा गांव एवम लोहड़ा पंचायत से लोहड़ा गांव को सांसद आदर्श ग्राम योजना ग्राम के तौर पर चुना गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति का गठन किया जाना है जिसके सदस्य के रूप में मुखिया, उप मुखिया, संबंधित ग्राम के ग्राम पंचायत सदस्य, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, संबंधित ग्राम में मौजूदा विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, कृषि मित्र एवम संबंधित गांव की महिला स्वयं सहायता समूह भी होंगे। जिनके द्वारा ग्राम स्तरीय अवसंरचनात्मक आवश्यकता का डेटा एवम परिवार तथा व्यक्तियों से संबंधित बेसलाइन सर्वे कर रिपोर्ट किया जायेगा।

# ढाई लाख नकद और गहने की चोरी करने वाले नाबालिक सहित तीन चोर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कुछ दिन पहले घर में हुई चोरी का पुलिस ने उद्बेदन कर लिया है। पुलिस ने नाबालिक सहित तीन चोरों को चोरों के आरोप में पकड़ कर जेल भेज दिया है।इस चोरी की घटना के बारे में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता सेवा सदन रोड निवासी अमन गोयल पिता सत्येन्द्र प्रसाद अग्रवाल के द्वारा दिनांक 28 सितंबर शहर थाना में अपने घर में हुई चोरी से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कराया था। अमन कुमार गोयल ने आवेदन देकर पुलिस को बताया था कि 28 सितंबर को अज्ञात चोरो द्वारा हमारे घर का ताला तोड़कर घर के आलमारी में रखा 250000/- (दो लाख पचास हजार) रूपया, कुछ गहने एवं 02 मोबाईल को चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में शहर थाना कांड सं0 418/23 दिनांक 28.09.2023 धारा 457/380 भा0द0वि0 अंकित कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना तथा तकनीकि आधारित अनुसंधान के आधार पर कांड में चोरी गये गहने, मोबाईल एवं सोने तथा चांदी के सिक्का को कांड में गिरफ्तार किये गये 02 अपराधकर्मी एवं निरूद्ध किये गये 03 किशोर के निशानदेही पर बरामद किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया एवं निरूद्ध किये गये तीनो किशोरों को किशोर न्याय बोर्ड (जे0जे0बी0) के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया। पकड़े गए चोर के पास से पुलिस ने 1 चांदी का सिक्का 14 पीस,2. सोने का सिक्का 01 पीस,3. चांदी का पायल 06 जोड़ा, 4. चांदी का बिछिया 08 पीस, 5. चांदी का अंगुठी 01 पीस, 6. चोरी गये मोबाईल 02 पीस बरामद किया है। गिरफ्तार चोरों में1. विकाश कुमार उर्फ चिंकू पिता कैलाश मोची, सा0 नावाहाता, सेवा सदन अस्पताल के बगल थाना शहर, जिला पलामू ,2. लक्की कुमार पिता करण राम, सा0 दुर्गाबाड़ी, थाना शहर, जिला पलामू और एक नाबालिक का नाम शामिल है। **छापामारी अभियान में :** शहर थाना के एसआई गौतम उरांव, एएसआई नबी अंसारी, आरक्षी 1171 शारिक ईरशाद, आरक्षी 387 संतन कुमार मेहता, आरक्षी 1925 राकेश सिंह, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल कुमार सिंह शामिल थे।


# मरांडी का आगमन आज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत 5 अक्टूबर दिन गुरुवार को 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर में प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। वही बाबूलाल मरांडी के श्री बंशीधर नगर में आगमन होते ही उनके स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश से जुटे हैं। वे यहां सातवां चरण का संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने अपने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है।श्री केशरी ने बताया कि 5 अक्टूबर को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर के अधौरा मोड़ के निकट डाक बंगला परिसर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम होगा। संकल्प यात्रा के सातवां चरण में वे यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है की बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पहली बार यहां आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता तोरण द्वार एवं होर्डिंग लगवाने, आम नागरिकों तक सूचना पहुंचाने, गांव के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करने आदि में जुटे हैं। बाबूलाल मरांडी के क्षेत्र में प्रवेश करते ही उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। पूर्व मंत्री ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से उनके कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। बता दे की श्री बंशीधर नगर में सुबह 10ः00 बजे बाबूलाल मरांडी का आगमन होगा। सर्वप्रथम वे प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की ओर से संकल्पित चातुर्मास्य व्रत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल जायेंगे। वहां स्वामी जी का दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद भवनाथपुर मोड़ के निकट डॉ राममनोहर लोहिया जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। वही भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गर्म जोशी के साथ बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत होगा। इसके बाद जुलूस की शक्ल में काफिला विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर पहुंचेगी। पूजा अर्चना करने के बाद वे 11 बजे डाक बंगला परिसर में स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। जहां पूरे विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए लोगो को संबोधित करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के वरिष्ठ नेता मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, सोबराती खान, अरुण कुमार,उमेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ऐतिहासिक होगा बाबूलाल मरांडी का जनसभा : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी

- संकल्प यात्रा के दौरान आगामी छः अक्तूबर को बाबूलाल मरांडी आयेंगे बिश्रामपुर
- जनसभा को करेंगे संबोधित, भाजपा का दावा 25 हजार लोग होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी छः अक्तूबर को बिश्रामपुर आयेंगे.जहां श्री मरांडी जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर है.उनके स्वागत हेतु पड़वा मोड़ से बिश्रामपुर तक दर्जनों तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं.भाजपा कार्यकर्ता ब्रहमोरीया मोड़ से बी मोड़ तक जगह जगह उनका भव्य स्वागत करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा.दावा किया कि बिश्रामपुर के जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे.जनसभा की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से भी जनसभा में शामिल होने का अपील किया।

# नदी में डूबने से एक युवक की मौत, सीआरपीएफ जवान की तत्परता से बच गई एक युवक की जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर के कल्याणपुर सीआरपीएफ कैंप के पास दानरो नदी पुल के नीचे नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को सीआरपीएफ के तत्परता से बचाया गया। मृतक बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुई गांव निवासी मनोज ऊर्फ सत्य प्रकाश भारद्वाज का पुत्र श्रेयांश भारद्वाज 15 वर्ष बताया गया है। जबकि इस घटना में घायल कांडी थाना क्षेत्र के राजीव चौबे का पुत्र राज चौबे 15 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि श्रेयांश और राज दोनों दोस्त थे। राज ने अपनी स्कूटी से श्रेयांश को लेने उसके घर पहुंचा। जिसके बाद एक स्कूटी पर सवार होकर अपने घर से दोनो दानरो नदी स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास नदी में नहाने उतरा था। नहाने के दौरान देखते-देखते श्रेयांश का पैर फिसला और गहराई में डूबने लगा। उसे डूबता देख राज ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी गहरे पानी में फंस चुका था। आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाए जाने के बाद सीआरपीएफ तत्काल अपने पूरे टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों का रेस्क्यू किया। और सी आर पी एफ के एंबुलेंस से लाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने श्रेयांश भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में राज चौबे गंभीर रूप से घायल है। घायल के परिजनों ने राज चौबे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।इससे पूर्व की घटना में भी सीआरपीएफ के सजग से बची थी दो लोगों की जान सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा के द्वारा पिछले वर्ष भी नदी में गाड़ी धोने के क्रम में दो गाड़ी समेत दो लोग पानी के बहाव में फंस चुके थे। शोर शराबा सुनकर सीआरपीएफ तत्काल दोनों को रेस्क्यू कर जान बचाया था। इसी तरह की घटना बुधवार को घटी जहां दो दोस्त अपने घर से नदी में नहाने पहुंचे थे। नहाने के क्रम में आपस में दोनों पानी से खेलना शुरू कर दिया। नदी में गहराई थी। यह बात दोनों में से किन्हीं को मालूम तक नहीं था। देखते ही देखते श्रेयांश भारद्वाज गहराई में डूबने लगा। डूबता देख राज चौबे उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी गहरा पानी में फंस गया। शोर शराबा सुनकर सीआरपीएफ 172 बटालियन के जीडी दिलदार उरांव, जीडी जहीरूद्दीन अंसारी अपने जान का परवाह किए बगैर दोनों को डूबता देख नदी में उतर गया। जहां से तत्काल काफी मस्कत के बाद दोनों को निकाल कर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन एक युवक मौत हो चुकी है। जबकि एक का इलाज चल रहा है। रेस्क्यू टीम में शामिल सीआरपीएफ 172 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, कुलदीप कुमार, उप कमांडेंट यू आर रामेश्वरम, जीडी संजय सिंह, जीडी कौशल किशोर, मेजर प्रदीप कुमार सिंह, जीडी मोहम्मद इलियास सहित सीआरपीएफ के टीम शामिल थे।

## तीन दिन से लपाता युवक का नदी से मिला शव

# मृतक के स्वजनों ने थाना के सामने किया सड़क जाम, थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद हटा जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर के सहजिना मोहल्ला निवासी मनोज राम 30वर्ष का शव सहिजना स्थित छठ घाट नदी से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टर्मास्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि एक अक्टूबर की शाम में घर से शौच करने के लिए गया था। लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद वह घर नहीं लौटा तो उसके परिजन काफी खोजबीन किया। जिसके बाद उसके परिजनों ने गढ़वा थाना में आवेदन दिया। तीन दिन बीत जाने के बाद बुधवार की सुबह नदी में नहाने एक युवक गया था। नहाने के दौरान उस युवक का नजर शव पर पड़ा। उसके बाद उक्त युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद नदी के पास लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाना को दिया। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर मृतक के स्वजनों हत्या का आशंका जताते हुए आक्रोशित होकर गढ़वा थाना के सामने लगभग आधा घंटा सड़क जाम कर दिया। मृतक के स्वजनों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व बगल के पड़ोसी से हल्का नोकझोंक हुई थी। आशंका है कि उक्त व्यक्ति द्वारा हत्या कर साक्ष छुपाने के नियत से नदी में फेंक दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी केके साहू ने दलबल के साथ आक्रोशित लोगों को समझाबूझाकर 24 घंटा के अंदर आरोपी कि गिरफ्तारी के बाद उक्त आक्रोशित लोग शांत हुए। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ।

# बैटरी और टुल्लू पंप चोरी के आरोप में दो चोर भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने बैटरी और टुल्लू पंप चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि शहर थाना क्षेत्र के शिवाय ब्लू होटल के सुकेश कुमार पिता उमाशंकर प्रसाद के द्वारा दिनांक 28.07.2023 को इस आशय का आवेदन दिया गया कि ये कोयल रिभर फ्रंट में चल रहे निर्माण कार्य में मुंशी का काम करते हैं।तथा दिनांक 27.07.2023 को प्रातः बेट्री रूम गये तो पाये कि आपातकालीन बिजली सप्लाई हेतु लगे 06 बेट्री तथा स्ट्रीट लाईट, टुलू पम्प तथा 04 पीस फ्लड लाईट की चोरी हो गयी है। इस संबंध में शहर थाना कांड सं0 316/ 23 दिनांक 28.07.2023 धारा 461/379 भा0द0वि0 अंकित कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर कांड में चोरी गये बेट्री में से 02 बैट्री के अलावे अन्य 04 छोटे साइज के बैट्री को 02 अपराधी के द्वारा बेचने के लिये मारूती भैन से ले जाने के क्रम में बरामद किया गया तथा उनके निशानदेही पर चोरी गये शेष 04 बेट्री एवं टुलू पम्प की बरामदगी की गयी। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस घटना में कुल 04 अपराधी शामिल थे तथा पकड़े गये अपराधी के द्वारा चोरी की गयी बेटी को 02-03 हजार रूपया में कबाड़ी को बेचा करते थे। इस घटना में फरार अन्य 02 अपराधी की गिरफ्तारी तथा चोरी गये अन्य सामानों की बरामदगी हेतु छापामारी की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा दिया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के पास से एमरोंन कम्पनी का बेट्री,अन्य कम्पनी के छोटे साईज के बैट्री,किर्लोस्कर कम्पनी का एक टुलू पम्प,मारुती ओमनी भैन पंजीयन संख्या जेएच ह्01एन 3273 सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में समीर अंसारी उम्र 22 वर्ष पिता स्व0 कासीम अंसारी सा0 नावाटोली, थाना शहर, जिला पलामू । 2. मो0 तालिफ उर्फ टाईगर पिता अब्दुल मन्नान सा) नावाटोली, थाना शहर जिला पलामू का नाम शामिल है।छापामारी अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी 2 प्रभारी सुधीर सिंह,आरक्षी 692 सूर्यनाथ सिंह,आरक्षी 1701 मुकेश कुमार सिंह,आरक्षी -1028 अमित कुमार 6. आरक्षी 389 रमेश महतो,स0आ0 जयंत दूबे शामिल थे।

# घंटो से हो रही बारिस अब ले रही है आफत का रूप



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारी बारिश आसमानी आफत का रूप ले चुकी है। कांडी नदी की बाढ़ में ग्राम वासी कमला ठाकुर 70 वर्ष नदी की तेज धार में बह गए। यह घटना सोमवार सुबह सात बजे की है। वे सोनभद्र इंटर कॉलेज के पीछे बेटा बहू के घर से बाजार स्थित अपने घर जा रहे थे। नदी पार करने के क्रम में बह गए। उन्हें ढूंढने के दौरान उनकी पहनी हुई लुंगी मिली है। लेकिन उनका पता नहीं चल रहा। कांडी सहित आस पास के गावों के कई युवक खोजने में जुटे हैं। इसी दौरान नदी में कमला ठाकुर को खोजने के क्रम में सड़की गांव निवासी 23 वर्षीय युवक अमरजीत मेहता को सांप काट दिया। जिसे इलाज के लिए ले जाया गया। इधर ठाकुर टोला निवासी नुरूल खलीफा, समसूद्दीन खलीफा, इस्माइल आलम, शबाना परवीन के घरों में पानी भर गया। जिसे पंप लगाकर निकाला जा रहा है। पूरे बाजार क्षेत्र में पानी भरा है। उपयुक्त नाली के अभाव में बाजार क्षेत्र की दुर्दशा हो रही है। सड़कों पर पानी बह रहा है। इधर पूरे प्रखंड क्षेत्र का आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सभी आहर पोखर, नदी नाले ओवर फ्लो करके बह रहे हैं। पंडा नदी की बाढ़ का पानी हेंठार इलाके के सैकड़ों एकड़ खेत में भर गया है। जिससे नारायण पुर, बेलहथ, बलियारी आदि गावों की धान की फसल डूब गई है।

# बिशप तेलेस्फोर पी. टोप्पो का निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इसाई मिशनरी के महाधर्मप्रांत के बिशप तेलेस्फोर पी टोप्पो का बुधवार को मांडर स्थित लिवंस हॉस्पिटल में निधन हो गया। चिकित्सकों ने बताया कि कार्डिनल की हृदय गति कम होने लगी थी और लगभग शून्य तक पहुंच गई थी। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन से मसीही समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है?।रांची के सहायक बिशप थियोडोर मैस्करेनहास ने बताया कि वे काफी समय से बीमार थे, 4 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 3ः45 बजे मांडर स्थित लिवंस हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। वह 84 वर्ष के थे। छोटानागपुर चर्च के विकास में उनके अपार योगदान के लिए रांची आर्चडायसिस, धार्मिक और मंडली हमेशा उनका आभारी रहेगा। उन्होंने बिशप की देखभाल करने वाले अस्पताल के कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया है।

**एशिया के पहले आदिवासी बिशप बने थेः** 21 अक्टूबर 2003 को संत पिता के धर्माध्यक्ष तेलेस्फोर पी. टोप्पो को कॉलेज ऑफ कार्डिनल में शामिल किया गया। कैथोलिक कलिसिया के ऐसे सम्मानीय पद से नवाजे जाने वाले वे प्रथम एवं पूरी एशिया के पहले आदिवासी बिशप थे।जनवरी 2004 में दो साल के लिए कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीसीबीआई) के अध्यक्ष चुने गए।

**चैनपुर के सुदूरवर्ती गांव में हुआ था जन्म :** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का जन्म 15 अक्टूबर 1939 को गुमला जिले के चैनपुर के सुदूरवर्ती झाड़गांव में हुआ था। उनके पिता एंब्रोस टोप्पो व माता सोफिया खलखो थी। वह 10 भाई-बहन थे। कार्डिनल पी टोप्पो भाई-बहनों में आठवें नंबर पर थे।बेल्जियम के पुरोहित के जीवन से प्रेरित होकर उन्होंने संत अल्बर्ट सेमिनरी में दाखिला लिया। संत जेवियर कॉलेज रांची से अंग्रेजी में स्नातक की डिग्री हासिल की। रांची यूनिवर्सिटी से इतिहास में एमए की पढ़ाई पूरी की। दर्शनशास्त्र की पढ़ाई संत अल्बर्ट कॉलेज रांची में जारी रखा। दर्शनशास्त्र की पढ़ाई करने के लिए उन्हें पोनटिफिकल अर्बन यूनिवर्सिटी रोम भेजा गया। 8 मई 1969 को बिशप फ्रांसिसकुस के द्वारा स्वीट्जरलैंड के बसेल में एक पुरोहित अभिषेक किये गए। वे एक युवा पुरोहित के रूप में भारत वापस लौटे और संत जोसेफ स्कूल तोरपा में पढ़ाने के लिए नियुक्त हुये।इसके साथ ही विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य बने। सन 1976 में लीवनंस बुलाहट केंद्र तोरपा की स्थापना की और वे पहले अन्वेषक एवं निर्देशक बने। इसके बाद महाधर्माध्यक्ष पीयुष केरकेट्टा एसजे आर्चबिशप हाउस रांची के सेक्रेटरी बनाये गये। 8 जून 1978 को कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दुमका के बिशप के रूप में नियुक्त किया गया और उन्होंने प्रभु का मार्ग तैयार करो को आदर्श वाक्य चुना।

**कैथोलिक आर्चडियोज़ के आर्कबिशप थे :** तेलेस्फोर टोप्पो (जन्म 15 अक्टूबर 1939) एक भारतीय कार्डिनल हैं और 1984 से 24 जून 2018 को उनका इस्तीफा स्वीकार किए जाने तक रांची के रोमन कैथोलिक आर्चडियोज़ के आर्कबिशप थे ।

**शिक्षाः** उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची और धर्मशास्त्र की पढ़ाई रोम के पोंटिफ़िकिल अर्बनियाना विश्वविद्यालय से की। उन्हें 3 मई 1969 को बिशप फ्रांज वॉन स्ट्रेंग द्वारा पुजारी नियुक्त किया गया था।तोरपा (झारखंड) में सेंट जोसेफ स्कूल के हेडमास्टर और लिवेन्स वोकेशनल सेंटर के निदेशक के रूप में कार्यकाल के बाद, टोप्पो को दुमका का बिशप नामित किया गया और 7 अक्टूबर 1978 को आर्कबिशप पायस केरकेट्टा एसजे से उनका एपिस्कोपल अभिषेक प्राप्त हुआ। 8 नवंबर 1984 को उन्हें झारखंड राज्य की राजधानी रांची का कोएडजुटर आर्कबिशप नियुक्त किया गया । वह 7 अगस्त 1985 को वहां आर्कबिशप बने।

**शोक व्यक्त कियाः** केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि ऐसे शख्सियत को खो दिये जो झारखंड ही नहीं देश के शान थे और पोप कैबिनेट का एक हिस्सा थे। सबसे बड़ी बात है कि वह आदिवासी सभ्यता ,संस्कृति के पुरोधा थे, उन्हें संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहें, ऐसे शख्सियत की कमी हमेशा खलेगी।

**निजी क्षति हुई है तिर्कीः** पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार की समन्वय में समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन विशेष रूप से झारखण्ड के लिये अपूरणीय क्षति है। फादर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए तिर्की ने कहा कि 8 नवम्बर 1984 को रांची के आर्कबिशप नियुक्त किये गये फादर का निधन झारखण्ड का निजी नुकसान है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि फादर झारखण्ड के लोगों के मन में हमेशा जीवित रहेंगे।

**शिल्पी नेहा तिर्की ने कहाः** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि फादर तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन झारखण्ड के लिये बहुत बड़ी क्षति है। फादर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि रांची के आर्चबिशप रहे फादर के निधन से झारखण्ड को बहुत अधिक क्षति हुई है जिसकी भरपाई मुश्किल है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि फादर झारखण्ड के लोगों के हृदय में हमेशा जीवित रहेंगे क्योंकि उन्होंने विशेष रूप से झारखण्ड में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपना अद्भुत योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोराबादी सब्जी बाजार में फुटपाथ विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन शुरू

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडी डिपार्मेंट के छात्रों के द्वारा मोराबादी सब्जी बाजार में फुटपाथ विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन और रजिस्ट्रेशन के रिन्यूअल के लिए कैंप लगाया गया। यह कैंप रांची नगर निगम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इंस्टीट्यूट की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर मिस रिमझिम वैष्णवी एवम छात्र माधव कुमार, कुमार अक्ष, कुमार रोशन, शिवम कुमार, हेमा सिंह, रितिका आनंद, गरिमा पांडे, शांभवी श्रोत्रिया, विश्वजीत कुमार तिवारी उपस्थित रहे। रांची नगर निगम की ओर से मोराबादी क्षेत्र की सी ओ बबिता कुमारी उपस्थित रहीं। इस कैंप में जिन फुटपाथ विक्रेताओं के पास आवश्यक पंजीयन दस्तावेज नहीं थे उनके पंजीकरण के लिए आवेदन कराया गया और लोन इत्यादि सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा एसीबी का चुनाव संपन्न

**राँची।** पुलिस मेंस एसोसिएशन (भ्र0नि0 ब्यूरो) शाखा एसीबी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे निम्नलिखित सदस्यों ने भारी मतों से जीत हासिल कियाः आरक्षी-रजनीश कुमार सिंह (सभापति/अध्यक्ष), आरक्षी-सुनील कुमार साह (उप-सभापति/उपाध्यक्ष), आरक्षी-रविंद्र कुमार (रवि) (सचिव/मंत्री), आरक्षी-विक्रम कुमार (कोषाध्यक्ष), चालक आरक्षी-संतोष शर्मा (संयुक्त सचिव), आरक्षी-कमल कुमार (केन्द्रीय सदस्य), आरक्षी-वास्तु खलको (अंकेक्षक) , डेलिगेट पद के नवनिर्वाचित सदस्यः आरक्षी रजनीश कुमार सिंह, आरक्षी ब्रजेश कुमार सिंह, आरक्षी गिरधर महतो।

## राजनीतिक दलों के साथ डीसी ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा कांके तथा मांडर विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त मतदान केंद्रों का पुनः व्यवस्थीकरण एवं नया मतदान केन्द्र बनाने से सम्बंधित प्रस्तावों पर सहमति के लिए सम्बंधित सभी अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-65 कांके, राजीव कुमार सिंह एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-66 मांडर सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, अल्बर्ट बिलुंग, उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक सुमन एवं सम्बंधित सभी अधिकारी और राजनीतिक दलों(मान्यता प्राप्त) प्रतिनिधि मौजूद थे। कांके विधानसभा के पुराने मतदान केन्द्र संख्या 312 में कुल 1560 मतदाता थे जिसमे कुल 5 अनुभाग है जिसमें से 2 अनुभाग काटकर नया मतदान केन्द्र संख्या 310 पंचायत सचिवालय खटगा में बनाया जा रहा है। इन दोनो अनुभाग के मतदाताओं को 02 कि0मी0 से कम की दूरी तय करनी पड़ेगी। कांके विधानसभा के पुराने मतदान केन्द्र संख्या 302, 303 एवं 304 सुगनू गाँव में अवस्थित है। तीनों मतदान केन्द्रों में दर्ज मतदाता सैन्य छावनी दीपाटोली कैंट में कार्यरत कर्मी एवं पदाधिकारियों का नाम दर्ज था एवं वर्तमान में उन सभी कर्मी एवं पदाधिकारियों का स्थानांतरण हो गया है।

## प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने पहुंचे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के कर्मियों को पुलिस ने रोका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ मांगों को लेकर प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने निकला लेकिन पुलिस ने धुर्वा गोलचक्कर के समीप बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। 24 जिलों से आये कर्मी बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन पुलिस बार-बार बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक रही थी। इसके लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। मौके पर मजिस्ट्रेट अमित कुमार मौजूद थे। वह लोगों को लाउडस्पीकर से बैरिकेडिंग के आगे आने से रोक रहे थे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन और धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को हमसे वार्ता करनी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 90 दिनों से संघ के कर्मचारी राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी पिछले चार सालों के वेतनमान और मानदेय बढ़ोतरी को लेकर बार-बार सरकार से गुहार लगा रहे हैं लेकिन सरकार उनकी एक नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि प्रमुख मांगों में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वार्ता करने, स्वयं सेवकों की सेवा स्थायी करने, नियमित मानदेय लागू किया करने, स्वयं सेवकों का समायोजन करने और संघ का नाम बदलकर पंचायत सहायक करना शामिल है। उल्लेखनीय है कि संघ के घेराव को लेकर जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट भवन के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी थी। इसके बावजूद संघ के कर्मचारी प्रोजेक्ट भवन घेराव करने पहुंचे हैं।

## कांटाटोली से बरसाती पहनकर आया चोर स्कूटी लेकर हुआ फरार

**सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ पूरा घटनाक्रम**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला के रहने वाले राजा खान का उसके घर के पास से ही एक स्कूटी की चोरी हो गई। स्कूटी का नंबर जेएच 01बीई 8094 है। इस संबंध में राजा ने लोअर बाजार थाना में लिखित आवेदन दिया है । इसमें उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह जब सो कर 6:00 बजे उठा और किसी काम के लिए अपनी गाड़ी के पास गया, तो देखा कि उसकी गाड़ी उक्त स्थान पर नहीं है। आसपास देखा लोगों से पूछताछ की किसी तरह की जानकारी नहीं हुई। तब वह अपने बगल वाले चावल दाल दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज देखा, जिसमें देखा गया कि देर रात एक युवक बरसाती पहने हुए और पानी आ रहा है और इसी में पहले हुए पास में लगे बुलेट को किसी चीज से खोलने का प्रयास करता है । वह जब नहीं खुलता है तब वह इसकी स्कूटी के पास आता है और फिर स्कूटी को कुछ देर पैदल धक्का देते हुए ले गया और फिर उसे स्टार्ट कर फरार हो गया। इससे पहले भी एक पिकअप वैन की भी चोरी हो चुकी है। इस संबंध में पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही।

## आगामी आम चुनाव में राज्य में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लेकर करें लक्ष्य : के. रवि कुमार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्रों से संबद्ध सभी एईआरओ के दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मौजूद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आगामी आम चुनाव में झारखंड में मतदान प्रतिशत को 80त्न से ऊपर लेकर जाना है, इसको लेकर सभी को अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सबसे पहले जो काम करना होगा वह है मतदाता सूची को त्रुटि विहीन बनाना तथा छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण करना। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने स्तर पर यह भी प्रचारित करें कि मतदाता पंजीकरण के लिए मात्र दो शर्तें आवश्यक है व्यक्ति का भारत का नागरिक होना एवं 18 वर्ष की आयु का होना । इसलिए ध्यान रहे कि अन्य किसी प्रमाण या दस्तावेज़ के अभाव में एक भी नये मतदाता के पंजीकरण का कार्य बाधित न हो। उन्होंने कहा कि इस बात का भी प्रचार प्रसार करें कि वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी अन्य दस्तावेज नियमानुसार निर्धारित हैं जिसे दिखाकर मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के बीच जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया के भी सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश देने के साथ-साथ उनसे फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव श्री देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) श्री संजय कुमार एवं निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जातीय गणना विस चुनाव से पूर्व कराने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज ईमेल भेज कर उक्त मांग की है ।

इन्होंने अपने भेजे गए (ईमेल) में कहा है कि बिहार राज्य में जाति आधारित जातीय गणना कराकर जाति आधारित गणना का रिपोर्ट जारी कर दिया गया है, ताकि भविष्य में जिसकी जितनी भागीदारी उनको उतनी हिस्सेदारी के नीति को अमली जामा पहनाया जा सके ।

नायक ने आगे कहा कि झारखंड सरकार भी बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी जाति आधारित जातीय जनगणना को विधानसभा के चुनाव से पूर्ण कराए ताकि झारखंड में भी जिसकी जितने भागीदारी उनको उतनी हिस्सेदारी की नीति को अमली जामा पहनाया जा सके ।

नायक ने आगे कहा की झारखंड बचाओ मोर्चा का स्पष्ट मानना है कि जातिगत जनगणना करने से सरकार के पास एक ऑथेंटिक सरकारी आंकड़ा सभी जातियों का मिलना सुनिश्चित होगा जिससे आने वाले दिनों में यह जानकारी मिलेगी कि कौन सी जाति की कितनी जनसंख्या है और उसकी आर्थिक ,सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति क्या है उस आधार पर आरक्षण एवं अन्य सरकारी सुविधा देकर उनको हरेक क्षेत्र में हिस्सेदारी तथा भागीदारी दिया जा सकेगा । झारखंड बचाओ मोर्चा मुख्यमंत्री को स्मरण करता है कि जातीय आंकड़ा , अति पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग का नहीं रहने के कारण संपूर्ण देश के साथ-साथ झारखंड में भी इस वर्ग को समुचित भागीदारी नहीं दी जा रही है जिस कारण एक बड़ी आबादी को संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है और इस वर्ग को आरक्षण भी येन केन प्रकारेण मोटा-मोटी हिसाब से दी जा रही है जो इनके साथ अन्याय है ।

## विधानसभा अध्यक्ष ने घाना में भारतीय शिष्टमंडल के स्वागत समारोह का किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पश्चिम अफ्रीका के घाना के अकरा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की छह दिवसीय बैठक चल रही है। इसे लेकर घाना के होटल केम्पेस्की में भारतीय उच्चायोग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने समारोह का उद्घाटन किया।

समारोह में घाना के संसद के बहुमत दल के सदन नेता ओसी केयी मेन्सा बोन्सु के अलावा भारतीय शिष्टमंडल में शामिल सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष व लोकसभा के सदस्य शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि छह दिवसीय दौरे पर स्पीकर घाना की राजधानी अकरा में हैं। वहां आयोजित 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संगठन की बैठक में 60 से अधिक देशों के सांसद, विधानसभा के अध्यक्ष और सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

## जैक के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी हड़ताल पर

**रांची** : झारखंड अधिविध परिषद के सभी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी हड़ताल में रहे।परिषद विज्ञप्ति संख्या 49/ 2023 को जल्द से जल्द रद्द किया जाए। सरकार द्वारा स्वीकृत परिषद् को वर्ष 2009 में ही 352 पद मिले हैं जैक प्रबंधन कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों का समायोजन और नियमितीकरण किया जाए।आईटी अफसर के लिए विज्ञप्ति जेपीएससी को दे दी जाए।

## स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद




**शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और देश के लिए इनके द्वारा दिए गए योगदान की चर्चा की गई।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सामाजिक संस्था लोक सेवा समिति के द्वारा बुधवार को शहीद चौक स्थित शहीद स्थल पर 1857 की स्वतंत्रता क्रांति के नायक शहीद जय मंगल पांडे और नादिर अली खान का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहर के चार लोगों को इन दोनों के नाम पर दिया जाने वाला शांति सम्मान प्रदान किया गया। शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और देश के लिए इनके द्वारा दिए गए योगदान की चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक सेवा समिति के सचिव शिक्षाविद डॉ हरमिंदर सिंह वीर ने की। संचालन अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने किया। रेव. कार्डिनल और लोक सेवा समिति के संरक्षक तेलेसफोर पी. टोप्पो जी. के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना भी की गई।

महिला कॉलेज की प्रोफेसर डॉ सीमा प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुकरेती, अधिवक्ता प्रणव कुमार बब्बू और मो जफीर खान को शांति सम्मान प्रदान किया गया और अंग वस्त्र भेंट किए गए, इस अवसर पर अली बिन नौशाद, मकसूद आलम आदि मौजूद थे।

लोक सेवा समिति पिछले डेढ़ दशक से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित करती है।

## लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता की जरूरत : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले बुधवार को पत्रकारों ने दिल्ली में न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर समेत दो पत्रकारों की गिरफ्तारी के खिलाफ रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप विरोध प्रदर्शन किया गया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि पत्रकारों की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच होनी चाहिए। किसी भी पत्रकार अगर किसी मामले में संदिग्ध पाए जाते हैं तो पहले उसकी पूरी जांच होनी चाहिए उसके पश्चात ही गिरफ्तारी सुनिश्चित हो। जिस तरह से दिल्ली में कार्रवाई हुई है उससे साफ जाहिर होता है कि जैसे बदले की भावना से कार्रवाई की गयी हो। इसकी जितना भी निंदा की जाए वह काम है। विरोध प्रदर्शन में पत्रकार यूनियन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों ने अपना समर्थन दिया। इसमें सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति बन गयी है। अब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ समाज के सच्चाई की आइना दिखाने वाले पत्रकारों पर भी वही पैंतरा आजमाया जा रहा है। सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर हमले बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झामुम के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी ने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी लोग एकजुट हैं। भाकपा माले के भुवनेश्वर केवट ने कहा कि पत्रकारों पर हमला स्वतंत्रता पर हमला है। इस आजादी को बचाने के लिए हम सभी लोग एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। वहीं वरिष्ठ पत्रकार फैसल अनुराग ने कहा कि देश की आजादी लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार किशलय ने कहा कि केंद्र सरकार बोलने की आजादी पर रोक लगाना चाहती है। सभी लोग मौन होकर इसे सह रहे हैं। एक-एक कर सब की बारी आएगी जो भी सरकार के खिलाफ बोलने का प्रयास करेगा उसे जेल भेजा जाएगा। इसलिए तमाम लोकतंत्र के प्रहरियों को एकजुट होने की जरूरत है। वहीं श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के राज्य सचिव सुनील सिंह ने प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## 10 जून को हुए प्रदर्शन में गिरफ्तार 5 लोगों को दो मुकदमों में मिली जमानत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले साल पूर्व बीजेपी नेता नूपुर शर्मा के राष्ट्रीय टेलीविजन पर पैगंबर मुहम्मद साहब पर दिए अशोभनीय बयान के विरोध में देश के विभिन्न शहरों में प्रदर्शन हुए थे। 10 जून, 2023 को रांची में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसा भड़क गई थी । जिसमे कथित पुलिस फायरिंग में 2 लोगों की मौत और कई अन्य लोगों को गोली लगी थी, गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हुए थे और इलाज के उपरांत ही पुलिस ने इन सभी पर मुक़दमा दर्ज करके अस्पताल से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। झारखंड पुलिस ने इन लोगों पर तीन एफआईआर अलग-अलग थानों में दर्ज किया था जिसमें एफआईआर ह्श. 16/22, 17/22 और 133/ 22 है जिसमें भारतीय दंड संहिता की संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था । उक्त जानकारी जिय़ाउल्लाह राज्य सचिव, एपीसीआर झारखंड ने दी। डेली मार्केट केस नंबर 17/22 अफसर आलम, तबारक कुरैशी , करण कछ्छपञ्च मोहम्मद उस्मान और सरफराज आलम और डेली मार्केट केस नंबर 16/22 में अफसर आलम और साबिर अंसारी को झारखंड हाई कोर्ट ने जमानत दी।

# बहेरा-कल्याणपूर का मुख्य मार्ग बना तालाब, पांच वर्ष बाद भी नही बनी सड़क, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा-कल्याणपूर का मुख्य मार्ग अधूरे सड़क निर्माण के कारण तालाब का रूप धारण कर लिया है।सबसे खराब स्थिति बहेरा मदरसा से लेकर बहेरा चौक तक देखी जा रही है।यहां सड़क मे बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के बाद बरसात के इस मौसम में उसमें पानी जमा हो गया है।वहीं पानी निकासी का जगह नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गई है।जर्जर और लबालब पानी से भरे इस सड़क पर आम लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। यही कारण है कि लोग आए दिन यहां गिरकर घायल हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार झारखण्ड सरकार के द्वारा करीब साढ़े तेरहा करोड़ रूपये की लागत से बहेरा से कल्याणपूर चौक तक करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क बनाने की मंजूरी दी गई थी।वर्ष 2018 में सड़क निर्माण कार्य काफी तेज गति से शुरू की गई,लेकिन समय बीतने के साथ निर्माण कार्य की गति धीमी होती चली गई और आलम यह है कि पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक डेढ़ किलोमीटर की यह सड़क नहीं बन सकी है।डेढ़ किलोमीटर के इस सड़क मे कल्याणपुर मस्जिद के पास एक पुल का भी निर्माण किया जाना है,लेकिन उक्त पुल को भी अभी तक नहीं बनाया गया है और कंपनी के द्वारा पुराने पुल को भी तोड़ दिया गया है।खराब सड़क की मार झेल रहे स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि काफी आंदोलन और संघर्ष के बाद सरकार के द्वारा सड़क बनाने की मंजूरी दी गई थी,लेकिन निर्माण कंपनी के संवेदक की लापरवाही के कारण पांच वर्ष बाद भी सड़क नहीं बन सकी है।सड़क निर्माण कंपनी के संवेदक किसी की बात नहीं सुनते हैं।कई बार इसकी शिकायत जिला स्तर पर की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।संवेदक के इशारे पर काम चालू एवं काम बंद होता है।

ग्रामीणों के हंगामे के बाद कल्याणपुर चौक से लेकर बहेरा के कुछ भाग तक काम किया गया है,लेकिन अभी भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका।

सरकार के सुस्त रवैया और संवेदक की मनमानी के खिलाफ ग्रामीण अब आंदोलन के मूड में नजर आ रहे हैं।

**विधानसभा में उठ चुका है मामला :** बहेरा-कल्याणपूर मुख्य मार्ग मे बरती जा रही लापरवाही का मामला विधानसभा के सत्र में भी उठाया जा चुका है।सिमरिया के भाजपा विधायक किशुन कुमार दास ने इस सड़क का निरीक्षण कर संवेदक को जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था।बावजूद इसके काम चालू नहीं होने पर विधायक किशुन दास ने इस मामले को विधानसभा के सत्र में उठाया था,लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कोई पहल नहीं की गई है।इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि विजय लाल ने बताया कि सड़क निर्माण में घर अनियमितता बरती जा रही है।ग्रामीणो के विरोध करने पर संवेदक चार-पांच मजदूरों को लेकर काम चालु करते हैं और फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो सरकार के लचर सिस्टम और संवेदक की मनमानी के खिलाफ ग्रामीण बहुत जल्द आंदोलन करने का मन बनाया है।

## राय छलटा पुल टुटने से दस दिनों से बंद है अशोक परियोजना की कोयला ढुलाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम पिछले दस दिनों से बंद है, जिसके कारण आरसीएम साइडिंग में कोयले के अभाव में रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य पूरी तरह से बंद हो चुका है।जानकारी के अनुसार 25 सितंबर की शाम राय सपही नदी के छ्लटा पुल के टूट जाने के कारण कोयला ढुलाई का काम बंद हो गया है।पुल के टुटने से उक्त मार्ग पर कोयला ढुलाई का काम बंद होने से सीसीएल प्रबंधन को प्रत्येक दिन करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वही आरसीएम साइडिंग से रैक लोडिंग और डिस्पैच का काम बंद होने से रेलवे प्रबंधन को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है,जबकि ट्रांसपोर्टिंग और साईडिंग से जुड़े सैकड़ो मजदूरों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो चुकी है।इस संबंध में प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि अशोक परियोजना से हाईवा डम्पर के माध्यम से प्रतिदिन 6000 टन कोयले का ट्रांसपोर्टिंग कार्य किया जाता था,जबकि आरसीएम साईडिंग से प्रतिदिन 2 से 3 रैक कोयले का डिस्पैच देश के विभिन्न पावर प्लांट के लिए किया जाता था ।

## जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाओं में आत्मनिर्भर बढ़ रही है : विधायक शिल्पी



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत टांगरबसली पंचायत भवन में जेएसएलपीएस एजीएम द्वारा आयोजित आजीविका महिला संकुल स्तरीय की पहली वार्षिक आमसभा मे बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओ ने पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर अतिथि का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस कार्यक्रम मे मांडर प्रखंड के विभिन्न पंचायत के विभिन्न गाँवो की महिला जो जेएसएलपीएस से जुड़ी है और जुड़ना चाहती है वे पहुंची। कार्यक्रम मे विधायक सभों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाए आत्मनिर्भर बढ़ रही है। और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रही है। आज बहुत सारी महिला समूह आजीविका से जुड़कर प्रति माह हजारों, लाखो रुपये तक कमा रही है और अपने परिवार का सही तरीका से पालन पोषण कर रही है।

## प्रखंड के वीरों की यादों को ससम्मान समर्पित है कलश की माटी : बीडीओ



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अगुवाई में प्रखंड से अमृत कलश यात्रा जिला को भेजा गया। इससे पूर्व प्रखंड के सभी पंचायत की गांवो से संग्रहित की गई मिट्टी को बड़े कलश में डाला गया। मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न गांव से इकट्ठी की गई मिट्टी हमारी उन वीर सपूतों का यादगार है जिन्होंने देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी। जिन्होंने संपूर्ण जीवन अपने देश और अपनी माटी के लिए समर्पित कर दिया। अमृत कलश यात्रा उन्हें वीरों के सम्मान की यात्रा है। संग्रहित मिट्टी इसे जिला भेजा जा रहा है वहां से दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बना रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए यह मिट्टी भेज दी जाएगी। अमृत कलश यात्रा के मौके पर सीओ सुमंत तिर्की, बीपीओ संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, कई पंचायत के मुखिया और नेहरू युवा केंद्र के लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर किया बैठक




**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत ओरमांझी मंडल के बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजक सह संयोजको एवं मंडल पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा की बूथ सशक्तिकरण सत्यापन कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें सभी बूथों का बूथ अध्यक्ष,संयोजक, सह संयोजक एवं मण्डल पदाधिकारी गण का बूथ स्तर पर कार्य नही कर रहे हैं, तो उन्हें बदल कर नए लोगों को जोड़ने का प्रयास करे।भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर से केन्द्र स्तर तक हाय टेक हो गया है। भारतीय जनता पार्टी दल नही एक परिवार है। इसीलिए इस पार्टी में सबसे अधिक कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं। विधायक सांसद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कार्यकर्ता आज देश के प्रधानमंत्री हैं। प्रधान मंत्री ने सिर्फ़ नौ वर्ष में देश का कायाकल्प बदल दिया। पूरे विश्व में उनका डंका बज रहा है। सभी योजनाएं गरीबों का समर्पित है। इसीलिए आगामी चुनाव में राष्ट्रसेवा को समर्पित मोदी सरकार को सशक्त बनाने को हम सभी संकल्पित हुए।

## गेतलसूद आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बनी अंजली देवी



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बूधवार को प्रखंड के गेतलसुद में आगनबाड़ी सेविका व सहायिका का चयन हेतु का चुनाव किया गया। चुनाव में 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों में सबिता देवी, सगीता देवी, उर्मिला देवी, योगेशवरी देवी, लीला देवी, रेणुका देवी, फूलमनी बेक, दीपाली कुमारी, संज्योति देवी, प्रतिमा कुमारी, गायत्री कुमारी, संध्या कुमारी, फूलकुमारी, अंजलि कुमारी, सुनीता देवी, आशा देवी, सुमन देवी ने भाग लिया। चुनाव में पहला स्थान अंजलि देवी को गेतलसूद आँगनबाड़ी केंद्र का सेविका बनाया गया। मौके पर अनगड़ा प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेणुका कुमारी, भारती कुमारी, अर्पणा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, एतवा उरांव, श्रद्धा सरना समिति अध्यक्ष अजय उरांव, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम उरांव, मुखिया प्रतिनिधि गौरीशंकर मुंडा, समाजसेवी भोला महतो, कार्तिक नायक, सावन नायक, जीतून महतो उपस्थित थे।

## बारिश से कडरू टोली में कच्चा मकान गिरा



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार हो रही बारिश के कारण अनगड़ा प्रखण्ड के कई इलाकों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनगड़ा प्रखण्ड के बीसा पंचायत के कडरू टोली में भुखली देवी पति अकलू भोगता के मिट्टी का कच्चा घर का एक बड़ा हिस्सा बारिश की चपेट में आकर अचानक गिर गया। भुकली देवी ने बताया कि सारा परिवार घर पर ही सोया हुआ था। तभी अचानक जोरदार आवाज के साथ उनके घर का हिस्सा गिर गया। जिसमे पूरे परिवार के लोग गंभीर रूप घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण घर पहले से ही कमजोर एवं जर्जर हो गया था। कच्चे घर के गिरने से उन्हें हजारों का नुकसान उठाना पड़ा है। फिलहाल घर गिरने से पूरे परिवार तिरपाल के झोपड़ी पर रहने के लिए विवश है। मौके पर पहुंचे बीसा पंचायत के उप मुखिया संजय भोक्ता ने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार से जो भी मुआवजा हो सकेगा हम दिलाएंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–10/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 13/10/2023 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 14/10/2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14/10/2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen shed & Store room in Primary School, Bhaipur | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 2 | Construction of Kitchen shed & Store room in Primary School, Urdu Piryau | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 3 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Karo | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 4 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Birhonhe | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 5 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Fulwariya tola | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 6 | Construction of Kitchen shed & Store room in MS Madarsa Miftahul Uloom, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 7 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. MS Rajrappa Project, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 8 | Construction of Kitchen shed & Store room in Primary School, Bhalu | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 9 | Construction of Kitchen shed & Store room in Pirmary School, Chitarpur | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 10 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Middle School , Argada, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 11 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Primary School , Hesla, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 12 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Mahuwatand, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 13 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Primary School, Barlong, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 14 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, kowatand, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 15 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Mahli Chandi, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 16 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Primary School, Kankebar, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 17 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Shiv Muhalla, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 18 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Middle School, Koyri tola, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 19 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Madai tola, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 20 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit Middle School, Lolo, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 21 | Construction of Kitchen shed & Store room in Bunyadi School, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 22 | Construction of Kitchen shed & Store room in Cantonment UMS, Koyri Tola, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 23 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Adarsh Nagar, Bijulia Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 24 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit High School, Kaitha, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 25 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit Middle School, Chetar, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 26 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Urba Bankheta, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 27 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit Middle School, Jaratola, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 28 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit High School, Marar -2, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/ | 5,000/- | 4 माह |
| 29 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit Middle School, Barki kundru Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/ | 5,000/- | 4 माह |
| 30 | Construction of Kitchen shed & Store room in Govt. Utkramit High School, Korche, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/ | 5,000/- | 4 माह |
| 31 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Karamchamti, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 32 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Lalkidhasna, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 33 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Karmatola, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 34 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Jhunjhitola, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 35 | Construction of Kitchen shed & Store room in Navsurjit Primary School, Arashah, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 36 | Construction of Kitchen shed & Store room in Nav Primary School, Madnatand, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 37 | Construction of Kitchen shed & Store room in Middle School, Bhurkunda, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 38 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit Middle School, Batuka, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 39 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit Middle School, Telyatu, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 40 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit Middle School, Chordhara, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 41 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit Middle School, Dudgi, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 42 | Construction of Kitchen shed & Store room in Middle School, C.C.L, Sounda, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 43 | Construction of Kitchen shed & Store room in Middle School, River Side, Sounda, Ramgarh | 23,94,700/- | 50,000/- | 5,000/- | 4 माह |
| 44 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit primary School Barkajara, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 45 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit primary School, Dhawidih, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 46 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit Middle School, Hethbarga, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 47 | Construction of Kitchen shed & Store room in Primary School,Harna, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 48 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit primary School, Shivmandir Tola Barlanga, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 49 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit primary School, Dudhmatiya, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |
| 50 | Construction of Kitchen shed & Store room in Utkramit primary School, Jaradih, Ramgarh | 18,76,400/- | 38,000/ | 5,000/- | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, रामगढ़

PR 308337 Building (23-24)_D


## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आफत की बारिश से लोग परेशान

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले पांच दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।बारिश के कारण क्षेत्र के सभी बाजारों की रौनक कम हो गई है।स्कूल आने जाने वाले बच्चे बारिश में भीगते नजर आ रहे हैं।वहीं दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर बारिश का सबसे ज्यादा असर सीसीएल के कोयला उत्पादन पर देखा जा रहा है। खदानों में कोयला उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। जबकि हॉल रोड गीला होने के कारण भारी मशीनों का परिचालन बंद कर दिया गया है।वही लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र के सभी तालाब और कुआं में पानी भर चुका है,जबकि नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है।दामोदर नदी,सपही नदी,गहरी नदी सहित अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।इसके अलावे ट्रांसपोर्टिंग सड़को की स्थिति बदल देखी जा रही है।

## तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी का हुआ निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी जुगेश्वर महतो का तबीयत खराब होने के बाद निधन हो गया।उनके निधन से कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार वह पिछले कुछ महीनो से बीमार थे और सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल से उन्हें दिल्ली के गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां तीन अक्टूबर की रात उनका निधन हो गया।वह मूलरुप से पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत के बन्हें गांव का निवासी था।बुधवार की रात तक उनका शव आने के बाद गुरुवार 5 अक्टूबर को उनके पैतृक गांव बन्हें में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पहुंचे खूंटी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चैधरी व सदस्या शबनम परवीन द्वारा बालिका मध्य विद्यालय के सभागार में जिले के सभी पंचायत के मुखियागण के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसी सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधकारी बसंती ग्लाडीस बाड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, सीएस, खूंटी, जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए क्षेत्र में योजनाओं को धरातल पर लाने तथा अंतिम पायदान में खड़े व्यक्तियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने में पंचायत स्तर पर मुखियागण को पहल करने की अपील की गई। मुखियाओं के साथ संवाद में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य यह है कि अनाज के अभाव में कोई भूखा नहीं रहे एवं कोई भी महिला या बच्चा कुपोषण का शिकार ना हो। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत करोड़ों जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो रहे हैं तथा अधिनियम से अधिकाधिक लोग लाभान्वित होते रहें आयोग इसके लिए लगातार कार्य कर रही है। आयोग के द्वारा राज्य के सभी जिलों में मुखिया के साथ संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में झारखंड के 23 वां जिला खूंटी में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि मुखियागण निर्वाचित प्रतिनिधि है। पदाधिकारियों को लोगों तक पहुंचने में समय लग सकता है जहां मुखिया सीधे रूप से जुड़े हुए हैं। राज्य सरकार योजनाओं एव कार्यक्रमों को लागू करती है तथा उसका अनुपालन एवं लाभुकों तक उसकी पहुंच को सुनिश्चित करना पदाधिकारी एवं कर्मियों का दायित्व तो है लेकिन उसकी निगरानी आप जनप्रतिनिधियों को करना है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में जाएं और देखें कि बच्चों को एमडीएम मेन्यू अनुसार मिल रहा है या नहीं। कोई कुपोषित बच्चा या महिला आपके पंचायत क्षेत्र का संज्ञान में आए तो कुपोषण उपचार केन्द्र में भर्ती कराने की पहल करें। कुपोषण अगर रहेगा तो हम कभी समृद्ध नहीं हो सकते। पीडीएस डीलर उचित मात्रा में राशन का वितरण करे इसकी निगरानी करे, बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें । आंगनबाड़ी का कैसे बेहतर तरीके से संचालन हो, किसी तरह की कोई शिकायत हो तो जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी तक अपनी बातों पहुंचायें राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि बेहतर कार्य करने वाले जिले के तीन मुखिया को आयोग सम्मानित करेगी तथा राज्य स्तर पर आयोग द्वारा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा कि इन्हें क्यों सम्मानित किया गया ताकि और लोग भी प्रेरणा ले सकें । उन्होने बताया कि सम्मानित होने वाले मुखियागण का चयन पारदर्शी तरीके से होगा जिसमें जिला के तीन पदाधिकारी के अलावा राईट टू ईट के क्षेत्र में कार्य करने वाले दो सामाजिक कार्यकर्ता भी चयन पैनल में शामिल होंगे । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जितनी भी योजनाएं संचालित है यह सभी गरीब और वंचित लोगों के लिए है।

## झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष द्वारा खूंटी में सुनवाई व जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड राज्य खाद्य आयोग, रांची अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी की अध्यक्षता में परिसदन, खूंटी में सुनवाई एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीडीएस, एमडीएम, आईसीडीएस एवं एमटीसी से संबंधित योजनाओं की संबंधित अधिकारियो के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। साथ जनसुवाई कार्यक्रम के दौरान जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा राशन वितरण में बरती जाने वाली अनियमितता के संबंध में 70 लाभुकों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। मौके पर अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कर्रा प्रखंड के अनेक लोगों ने राशन कार्ड नहीं मिलने की शिकायत की। पीडीएस के लाभुकों ने अध्यक्ष को बताया कि राशन सामग्री देने से पूर्व ही ठेपा लगवा लिया जाता है और राशन भी नहीं दिया जाता है। कई लाभुकों ने बताया कि डीलरों द्वारा नाप- तौल में भी अनियमितता बरती जाती है। एक अन्य महिला ने मातृ वंदना योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष द्वारा फरियादियों को यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। अध्यक्ष ने जिला आपूर्ति विभाग द्वारा सतर्कता समिति के गठन की जानकारी ली तथा सभी पीडीएस डीलरों को अनिवार्य रूप से सूचना पट्टा लगाने के निर्देश दिए । राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष द्वारा जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला समाज कल्याण, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई ।

## दशहरा समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** दशहरा समिति टाटीसिल्वे कि रावण एवम कुंभकरण के दहन को लेकर एक आवश्यक बैठक शंकर प्रसाद की अध्यक्षता मे टाटी पूर्वी पंचायत भवन मे कि गई। रावण दहन कि तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया । इस बैठक मे मुख्य रूप से शंकर प्रसाद, रासेश्वर नाथ मिश्र, ब्रजेश सिंह, मंगल गुप्ता, उमेश प्रसाद, लखिन्द्र महतो, गोविंद महतो,मुकेश महतो,जयपाल हज़ाम, जलेश्वर महतो,टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन, मनोरंजन मिश्रा,जगलाल महतो,छोटेलाल महतो,राजू पाठक, सनील जाय ,अमरेंद्र सिंह,रमेश कुमार, धीरेंद्र त्रिपाठी, सुरेंद्र ठाकुर, गाजु महतो, बरतु महतो,कमल मंडल, रंधीर सिंह रंजित सिन्हा,उधवचंद महतो,श्री दाम मुंडा,निमय गोस ,विजय महतो,कमलेश सिंह,सकुन इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष कि तुलना मे इस वर्ष ओर भी बेहतर एवम सुस्जित ढंग से कार्यक्रम को भब्यता के साथ करना है।

## हरेलाल महतो अपने जन्मदिन पर क्षेत्र की जनता को समर्पित करेंगे दूसरा एम्बुलेंस



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो 6 अक्तूबर को अपने जन्मदिन पर क्षेत्र की जनता को ओर एक निःशुल्क एंबूलेंस सेवा समर्पित करेंगे। यह जानकारी आजसू पार्टी के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया। उन्होंने कहा की उनके जन्मदिन पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। फुटबॉल प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगे एवं प्रथम पुरस्कार दो लाख,द्वितीय एक लाख पचास हजार , तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार पचास पचास हजार दिया जाएगा ।उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस की कमी के कारण क्षेत्र के लोगों को समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिससे मरीजों को काफी परेशानी होती थी। प्रेस कांफ्रेंस में देवराज महतो, अमित महतो, भूषण महतो, हाथीराम महतो आदि मौजूद थे।

## पोंडाकाटा में ग्रामीणों के बिना ग्राम सभा कर सहिया का चयन को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा गांव में ग्रामवासियों को बिना सूचना दिये ग्राम सभा कर सहिया की चयन को लेकर शिव शंकर महाली के द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में लिखा कि 29 जुलाई 2023 को गांव में बिना सूचना दिये ग्राम सभा कर अपने लोगों द्वारा स्वास्थ सहिया का चयन किया है। जिसकी लिखित शिकायत सामुदायिक स्वस्थ केंद्र कुचाई के चिकित्सा पदाधिकारी को दिया गया है। परंतु अभी तक इस विषय पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ। साथ ही चयनित सहिया के द्वारा हाल ही में फलेरिया का दवा गांव में वितरण करवाया। उन्होंने उपायुक्त को बिना ग्राम सभा किये चयनित सहिया को रद्द कर ग्राम सभा के द्वारा नया स्वास्थ्य सहिया? की चयन करवाने की मांग किया है।

## खुदीलोंग में पीसीसी सड़क निर्माण की मांग को लेकर बीडीओ को सौपा ज्ञापन



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को मंगल चन्द्र महतो के नेतृत्व में जानुम पंचायत के खुदिलोंग गाँव में पीसीसी सड़क निर्माण कराने को लेकर कुकड़ु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर उपस्थित आदिबासि कुड़मि समाज राज्य समिति के सदस्य पंचानन महतो केटिआर ने कहा कि देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है फिर भी हमारे गाँव में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए जानुम पंचायत के खुदिलोंग गाँव के सड़क को सकारात्मक पहल कर पीसीसी सड़क निर्माण करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित वार्ड सदस्य सपन महतो, बिद्युत महतो, अनिल महतो, आशुतोष महतो आदि उपस्थित थे ।

## भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, जोड़सा में मिट्टी का घर हुआ क्षतिग्रस्त

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले तीन दिनों से लागातार हो रही बारिश से लोगों की जीना मुहाल कर दिया है। भारी बारिश के कारण कृषि कार्य भी प्रभावित हो गई है। लोग घरों में ही अपनी समय काट रहे हैं। वही भारी बारिश के कारण पटमदा प्रखंड की जोड़सा गांव के बरुन कुंभकार का मिट्टी का घर का पीछे की हिस्सा बुधवार को पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे उनको हजारों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि जिस समय यह घटना हुई उस समय घर के कोई भी सदस्य मौजूद नही था। देवेंद्र ने बताया कि इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया जबा रानी सिंह को दे दी गई है।



## मंदिर व धर्मशाला के भूमि का संरक्षण प्रथम कर्तव्य : सुनीता

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक द्वारा पश्चिम सिंहभूम में मंदिरों, धर्मशालाओं एवं न्यास से संबंधित विभिन्न संस्थानों से समन्वय स्थापित करने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित किया है, जिसमे सुनीत शर्मा के साथ त्रिशानू राय, राजा प्रसाद और विकास गर्ग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पर सुनीत शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से निबंधन पर मंदिरों एवं धर्मशालाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में लाभ मिलता है, सभी मंदिर में स्थानीय कमिटी हो और उसका संचालन सुचारू ढंग से हो जिससे मंदिर कमिटी कोष का उपयोग मानव कल्याण के लिए कर सके, इसी प्रकार धर्मशालाओं का भी निबंधन हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड में होना सुनिश्चित करना चाहिए। सुनीत शर्मा ने आगे बताया कि अकेले देवघर में 26 से 24 धर्मशालाएं थी जिसमे से कुछ तो होटल में तफ्दील हो गई है, अब जाकर राज्य में पहली बार इसके लिए आवाज उठाई जा रही हैं। जल्द ही सभी धर्मशाला और मंदिर के वर्तमान समितियों से समन्वय स्थापित कर झारखण्ड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के पदाधिकारियों के द्वारा जिला में कैंप आयोजित किया जाएगा।

## बाबुलाल मरांडी का पटमदा में संकल्प यात्रा 11 को, कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक संपन्न

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की 11 अक्टूबर को पटमदा के ब्लॉक मैदान में संकल्प यात्रा (सभा) कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें आयोजित कर बुधवार को मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में मंडल प्रवासी अमिताभ सेनापति, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजित कालिंदी ने संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रत्येक गांवों में भाजपा की विचारधारा से जुड़े हुए जनप्रतिनिधिओं एवं बुद्धिजीवीओं को संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र डोर टू डोर पहुंचाने का काम मंडल के कार्यकर्त्ताओं ने शुरू कर दिया है। बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी विकास कुमार ,अमिताभ सेनापति, अजित कालिंदी, इन्द्रनारायण महतो, प्राणकृष्ण महतो, सुभाष माहली, निरंजन रजक, विमल कैवर्त, माहली, धनंजय महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी बनाम हैदराबाद एफसी मुकाबला आज

## द फर्नेस में जीतने के इरादे से उतरेगी जेएफसी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडियन सुपर लीग 2023 - 24 सीज़न के दो मैचों के बाद जमशेदपुर एफसी बुधवार को हैदराबाद एफसी के खिलाफ घरेलू मैदान पर अपना पहला लीग मुकाबला खेलेगी. जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले दोनो टीम कल शहर पहुंच गई है। आज दोनों टीमों ने मैदान में खूब पसीना बहाया। जमशेदपुर एफसी जहां अपने घरेलू फर्नेस में खेलने को लेकर उत्साहित है, वहीं हैदराबाद एफसी अपनी पहली ईस्ट बंगाल से हार को भुलाकर जमशेदपुर एफसी से मुकाबला को तैयार है। और मैच जीतने के इरादे से जमशेदपुर में उतरेगी। मैच के पूर्व आज प्रेस वार्ता में जमशेदपुर एफसी के हेड कोच स्कॉट कूपर ने कहा, पहले दो मैचों में हमारे 4 अंक होने चाहिए थे लेकिन हमारे पास केवल एक ही है. लेकिन घरेलू मैदान पर जमशेदपुर के शोर मचाते प्रशंसकों के सामने खेलना ही मैंने विशेष रूप से चुना है. हमने उस एकता के बारे में बात की जो यहां, क्लब में, शहर में, लोगों में, मीडिया में भी मौजूद है. मैं कल रात उस एकता को महसूस करना चाहता हूं। विपक्ष को असहज कर देना चाहता हूं. उन्हें यह जानना होगा कि यहां आने और खेलने के लिए आसान जगह नहीं है. हम चाहते हैं कि विपक्षी टीमें यहां आने से डरें और सभी प्रशंसक एकजुट हों और इसे असली फर्नेस जैसा महसूस कराएं. कहा कुछ चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है. हम एक तरह से मिसफायरिंग कर रहे हैं और हमें इसे सही करना होगा. हमारे पास, ऋत्विक थे, जो फैंस के पसंदीदा हैं. हम चिंतित थे क्योंकि उसके घुटने में चोट लग गई थी लेकिन उसे खेलने की अनुमति मिल गई है जो हमारे लिए अच्छी खबर है. इसके अलावा, चोट की कोई चिंता नहीं है. जब हम केरल में खेलने वाले थे तो लोगों ने हमसे अपेक्षा की थी कि हम हाफ लाइन और सेंटर डाउन ब्लॉक से आगे रुके रहें. लेकिन हमने वहां सबको चौंका दिया. एक कोच के रूप में मेरे साथ आपको वह कभी नहीं मिलेगा. मैं हमेशा बाहर जाऊंगा और हमला करूंगा, चाहे घर हो या बाहर. प्रणय एक बहुत ही अनुभवी खिलाड़ी हैं और पहले दो मैचों में वह इतने अच्छे थे कि उन्होंने जमशेदपुर एफसी के मिडफ़ील्ड को चलाया और नियंत्रित किया. मैं प्रणय जैसे खिलाड़ियों से चाहता हूं. उनसे, एलेन, प्रतीक, रेहेनेश जैसों से यही अपेक्षा है - कि वे आगे बढ़कर नेतृत्व करें और अपने सामने हर गेम जीतने के जुनून जगाएं.

## ह्यूमन वेल्फेयर ने संभावित बाढ़ की स्थिति में करीम सिटी कॉलेज को बनाया शेल्टर होम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज मानगो नगर निगम के डिप्टी कार्यपालक पदाधिकारी आकिब जावेद, कुनाल, सिटी मैनेजर राहुल कुमार, अंशु कुमार और मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर सचिव ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्तार आलम खान, शाहिद परवेज़ ने बाढ़ के आने की संभावना को देखते हुए नदी के निचले इलाकों अलीबाग, कपाली लिंक रोड, करीम सिटी कॉलेज, जीसू भवन, चाणक्यपुरी, कुंवर बस्ती, दीपा शाही, इलाकों का दौरा किया गया। वहीं लोगो को सतर्क किया गया की बाढ़ को देखते हुए सुरक्षित स्थान जो के मानगो नगर निगम के तरफ से चिन्हित किया गया है वैसे जगह में जाकर शरण ले सकते हैं। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, सैयद आसिफ अख्तर, मोइनुद्दीन अंसारी, अयूब अली और आफताब आलम ने फैसला लिया है की शरण लेने वाले लोगों के लिए भोजन पानी दवाई आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी उठाई है।

## लगातार बारिश से मिट्टी का तीन घर गिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पिछले तीन दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण चक्रधरपुर के पोटका स्थित बांदासाई टोला में तीन लोगों के मिट्टी का घर ढह गया है। हालांकि इस घटना में घर के लोग बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि मंगलवार देर रात पोटका के बांदासाई में रहने वाले कुंवर बोदरा, मालती हेम्ब्रम व तुलसी बोदरा के मिट्टी के घर ढह गये। इससे तीनों परिवार के समक्ष परेशानी उत्पन्न हो गई है। वहीं आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण तीनों परिवार परेशान हैं। इधर ग्रामीणों ने इसकी सूचना समाजसेवी सिकंदर जामुदा को भी दी। ग्रामीणों ने कहा कि पीड़ित परिवार को मुआवजा व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रखंड कार्यालय में पत्र सौंपा जाएगा।

## उपायुक्त ने पंजीकृत राजनेतिक दल सदस्यों के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने क्षेत्र के पंजीकृत राजनीती दल सदस्यों के साथ रेशनालाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन से सम्बन्धित प्राप्त प्रस्तावों को लेकर बैठक की। 50- इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र एवं मतदाताओं के सुव्यवस्थीकरण से सम्बन्धित प्राप्त प्रस्ताव पर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। बताया गया कि मतदान केंद्र संख्या 314 से 337 तक पूर्व के मतदान केंद्र में तीन नए मतदान केंद्र को बढ़ाते हुए जहां 1400 से अधिक मतदाता है, उन्हें नए मतदान केंद्र में स्थानांतरण किया गया है। नए मतदान केंद्र 316 में 866 मतदाता, मतदान केंद्र संख्या 326 में 1244 मतदाता तथा मतदान केंद्र संख्या 354 में 1268 मतदाताओं स्थानांतरण किया जा रहा है। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, निर्वाची निबंधन पदाधिकारी सरायकेला विधानसभा सह अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला राम कृष्णा कुमार, निर्वाची निबंधन पदाधिकारी इचागढ़ विधानसभा सह अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल रंजीत लोहरा एवं विभिन्न राजनीती दल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में आज गांधी जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग ने गांधीवादी दर्शन और समकालीन दुनिया में इसकी प्रासंगिकता विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार अंग्रेजी श्रेणी में आयुष कुमार और आयुष्मान शर्मा को और हिंदी श्रेणी में दीपा रानी बागती को दिया गया। इस अवसर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मो रियाज ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहम्मद शाहनवाज ने किया। इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ कौसर तस्नीम और डॉ इंद्रसेन सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक फिलासफी विभाग के डॉ. मुजाहिदुल हक थे। मौके पर इतिहास विभाग के डॉ एस एन सिंह भी मौजूद थे।

## एक्सआईटीई कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** एक्सआईटीई कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के अवसर पर अंग्रेजी विभाग की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ प्रज्ञा शुक्ला उपस्थित थी। इस वर्ष की थीम अनुवाद मानवता के कई चेहरों को उजागर करता है के अनुरूप, ट्रांसलिट संगोष्ठी का उद्देश्य यह पता लगाना है कि कैसे साहित्यिक अनुवाद की कला एक पुल के रूप में काम कर सकती है। इस दौरान विविध प्रकार की प्रस्तुतियां और चर्चाएं हुई। इस मौके पर कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ फादर मुक्ति क्लेरेंस प्रो अकिंचन ज़ाक्सा, डॉ स्वाति सिंह, प्रो स्तुति राग समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपास्थित थे।

## छोटा गम्हरिया पंचायत के शिविर में 118 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत सचिवालय में जीवन ज्योति डायग्नोस्टिक सेंटर के सौजन्य से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुखिया निरोला सरदार ने किया। इस शिविर में कुल 118 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में ग्रामीणों का बीपी, डेंगू, मलेरिया, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच भी की गई। इसके सफल आयोजन में डॉ रंजीत कुमार, सुजल अग्रवाल, कृपानंद झा, ज्योति शर्मा, पंसस विकाश शर्मा, वार्ड सदस्य अनिता देवी, संमाजसेवी माधव महतो आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## उपायुक्त से मिला सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति का प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान डीसी को एक ज्ञापन सौंपकर शहरी, अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्गा पूजा समितियों की समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को जादूगोड़ा मऊभंडार सहित ग्रामीण क्षेत्र के विसर्जन घाटों की बदहाली, ग्रामीण क्षेत्रों में जो छोटी पूजा समितियां उन्हें सीसीटीवी कैमरा लगाने से छूट देने, कॉरपोरेट संस्थाओं से सीएसआर के तहत छोटे पूजा पंडालों में राशन की व्यवस्था करने की मांगों को प्रमुखता से रखा। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष के साथ कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, तापस चटर्जी, महासचिव ललन यादव, वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, शंभू चौधरी, लक्ष्मण बाग, मानस दास, नीलू दत्ता, उपस्थित थे। इस मौके पर अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) दीपू कुमार, सीसीआर डीइसपी अनिमेष गुप्ता, धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पीयूष गर्ग भी उपस्थित थे।

## प्रेमी ने प्रेमिका पर किया धारदार हथियार से हमला, घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** प्रेमिका की जुदाई से खफा प्रेमी ने जान लेने की नियत से प्रेमिका पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद प्रेमिका को अस्पताल में भर्ती किया गया जहां इलाज चल रहा है. घटना के बाद आरोपी युवक को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया. मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पोकाम गांव में बुधवार सुबह युवती अपने घर के पास बर्तन धो रही थी. इसी दौरान संजय बेहरा नामक युवक ने हाथ में धारदार भुजाली लेकर आया और युवती के पेट में एक एक कर जान मारने के नियत से कई हमला कर दिया. जिससे गंभीर रूप से घायल हो गयी. बाद में लहूलुहान युवती को घायल अवस्था में उसे जगन्नाथपुर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां इलाज चल रहा है. इधर घटना के संबंध में बताया जाता है कि आरोपी संजय बेहरा युवती के साथ प्रेम करता था. बाद में उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया था. इसके बाद फिर युवती किसी कारणवश प्रेमी को छोड़कर वापस अपने घर आ गई थी. इधर पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है साथ ही पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में 7-8 अक्टूबर को राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन, योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड से संबद्ध, योगासन भारत पूर्व नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा 7 एवं 8 अक्टूबर को चतुर्थ राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता श्रीनाथ विश्वविद्यालय में संपन्न होगा। इसको लेकर जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन संगठन के अध्यक्ष सुधा झा के अध्यक्षता में जिला कार्यालय परसुडीह में किया गया। जिला सचिव मलय कुमार डे ने बताया की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी जिलों से चयनित 300 से ज्यादा प्रतिभागी भागीदारी करेंगे । प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु सभी जिलों को 4 अक्टूबर तक पंजीयन की तिथी दी गई है । प्रतियोगिता में उम्र के अनुसार चार प्रकार के स्पर्धा में जिसमें ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर एवं रिदमिक योगासन का प्रदर्शन चयनित प्रतिभागी करेंगे। बैठक में मुख्य संरक्षक अंशु सरकार, उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, उपाध्यक्ष रविशंकर नेवार, जिला सचिव मलय कुमार डे, कोषाध्यक्ष ललिता शर्मा, आदि थे।

## जगन्नाथपुर राजकीय रस्सेज प्लस 2 उच्च विद्यालय की समस्याओं को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर राजकीय रस्सेज प्लस 2 उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को ग्रामीण मुंडा विकास कुमार महापात्र की अध्यक्षता में एक ग्रामसभा बैठक संपन्न हुआ. बैठक में विद्यालय के अवश्यकता अनुरूप आधारभूत संरचनाओं से संबंधित निम्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।जिसमे विद्यालय मे उँचा चारदीवारी,पुरानी भवन को ध्वस्त कर नया भवन,बच्चो के लिए बैठने के लिए बेंच डेंस, रात्रि गार्ड, साइकिल स्टैंड, बच्चों की जनसंख्या का देखते हुए शौचालय की व्यवस्था, खाली स्थान में शिक्षकों का मकान निर्माण जैसे समस्या को लेकर ग्राम सभा बैठक किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष धीरज सिंह, विद्यालय की प्राचार्य सुषमा जोंको, सदस्य चंचल यादव, दिपेंद्र सिंह, सुलेखा देवी, संग्राम सिंह, राजकुमार शर्मा, शिक्षक अरविंद तिवारी एस्पायर सदस्य पुजासिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित है ।

**संक्षिप्त खबरें**

## हंटरगंज में बिजली की तार के चपेट में आने से एक महिला की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के औरू पंचायत के ग्राम सतघरवा निवासी बंधु भुइयां की 55 वर्षीय पत्नी पनवा देवी की मौत बिजली के तार के चपेट में आने से हो गई। परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर कार्तिक उरांव ने पनवा देवी को स्वास्थ्यि जांचों उपरांत उसे मृत्यु घोषित कर दिया। खबर में बताया जा रहा है कि मृतक घर में लगे बिजली के तार का टोका उतार रही थी। इसी दौरान करंट के चपेट में आ गई जिस से मौके पर ही उस की मौत हो गई। परिजनों ने बताया की इसके मृतक के तीन लड़की और दो लड़का है।इसके पति बाहर में रहकर काम करते हैं।घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पहुंच कर को दी गई पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दी है।

## वज्रपात से छात्र की मौत पर परिजन से मिले प्रमुख, दिया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी प्रखंड के लेंजवा गांव का दौरा किया। इस दौरान लेंजवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र की मौत हो जाने पर उनके परिजन से मिलकर शोक व्यक्त किया। तथा मृतक छात्र के परिजनो को दुःख की घड़ी में संतावना दिया। प्रमुख ने परिजन को आर्थिक सहयोग भी किया। तथा सरकार के द्वारा आपदा प्रबंधन से उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। विदित हो कि विद्यालय के ग्राउंड में शाम को कई बच्चे खेल रहे थें। इसी दौरान बिना पानी बूंद के वज्रपात हो गया। जिसमें संजय यादव का पुत्र अमरेश कुमार 12 गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया ।जहां चिकित्सक ने उसे मृत्य घोषित कर दिया था। इस मौके पर प्रमुख ममता कुमारी के अलावे समाजसेवी कमलेश कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान, समाजसेवी संतोष पासवान, पंचायत समिति

## हंटरगंज व्यापार मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष मिथलेश कुमार श्रीवास्तव चुने गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के व्यापार मंडल के प्रागंण में प्रखंड़ सहकारिता पदाधिकारी अरूण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों को उनके कर्तव्य और दायित्व के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए समझाया गया। निर्विरोध निर्वाचित व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद के लिए मिथलेश श्रीवास्तव नाम की घोषणा किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीवास्तव को निर्वाचित होने के उपरांत मौके पर उपस्थित लोगों ने उन्हें फुल-माला पहना कर स्वागत किया। अध्यक्ष श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को बताया की जल्द ही व्यापार मंडल का नया भवन निर्मित होगा। इसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस मौके पर कार्यकारिणी के सदस्य रंजीत प्रजापति, उमेश दास, रामफल महतो, चंदन कुमार सिंह, रूपन यादव, कौशलेंद्र कुमार सिंह, वृजकिशोर सिंह समेत दर्जनों कि संख्या में ग्रामीणों ने बधाई दिया और फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## लोहे की पाइप लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक उप चालक गंभीर



**चंदवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित हिंडाल्को नर्सरी के पास एक लोहे की पाइप लदा दस चक्का ट्रक यूपी 21 बीएन 1607 अनियन्त्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिससे ट्रक चालक मोहम्मद नेजारूल (25) वर्ष उप चालक मोहम्मद जुनैद (20) वर्ष घायल हो गये। दोनों घायलों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ मनोज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीरता को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक जमशेदपुर से पाइप लेकर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश जा रही थी। हुटाप स्थित हिंडाल्को नर्सरी के पास ट्रक चालक ने अपना संतुलन खो दिया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में ही फंसा रह गया, पुलिस ने कड़ी मशक्कत से हाइड्रा की मदद से चालक को ट्रक से बाहर निकालकर और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

## मनिका थाना के समीप चलाई गई दो पहिया वाहन की जांच

**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के समीप दिन बुधवार को मनिका पुलिस प्रशासन के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए दो पहिया वाहन की जांच की गई। जांच में मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चला रहे व्यक्ति का हेलमेट वाहन की इंश्योरेंस ट्रिपल लोडिंग की जांच की गई, जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले व्यक्ति की बाइक को जप्त कर ली गई और बाइक मलिक को लातेहार परिवहन कार्यालय जाकर फाइन की चलान काटने की बात कही गई आपको बताते चले कि मनिका थाना के समीप लगातार दो दिनों से दो पहिया वाहन की जांच की जा रही है ताकि सड़क दुर्घटना में अंकुश लग सके।

## संदिग्ध अवस्था में होमगार्ड जवान की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरु ग्राम के मंननडीह टोला में बंद पड़ा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मननडीह में बुधवार को संदिग्ध अवस्था में सीसीएल के होमगार्ड अनुज कुमार सिंह 34 वर्ष पिता मुनेश्वर सिंह ग्राम कोटाम थाना गारू का शव बरामद हुआ है।अनुज सिंह के साथ कार्य कर रहे होमगार्ड के जवान दिगेश्वर महतो व मुकेश कुमार ने बताया कि हम लोग तीनों बुकरू रेलवे साइडिंग में सीसीएल के गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। तथा प्राथमिक विद्यालय मननडीह जो बंद पड़ा हुआ है। उसी में अपना डेरा रखे हुए हैं मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे अनुज सिंह अपने घर से आया था और वह अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद करके सोने चला गया और हम लोग दोनों ड्यूटी पर चले गए। सुबह आने पर देखा कि अंदर से दरवाजा बंद है। खिड़की से देखने पर उसे मृत पाया गया।तब इसकी तत्काल सूचना अमराडीह पिकेट को दी। पिकेट प्रभारी कुबेर साब एवं एएसआई मोहम्मद मुख्तार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम को दिया गया। आफताब आलम मजिस्ट्रेट के रूप में घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाजा तुड़वाया जहां पाया गया कि अनुज कुमार सिंह मच्छरदानी लगाकर सोया हुआ है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। इस संबंध में अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि प्रथम दृष्टिया से यह सांप काटने का मामला प्रतीत होता है फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## लाठी खेल प्रतियोगिता का तिथि में परिवर्तन

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लाठी खेल प्रतियोगिता सह-सद्भावना मेला का अयोजन टंडवा प्रखंड के ग्राम - कामता में होने वाली 05 अक्टूबर का कार्यक्रम को स्थागित कर दिया गया है। अब पुनः 10 अक्टूबर समय 11;00 बजे से लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला समिति के अध्यक्ष शाहबाज अंसारी, सचिव रौशन अंसारी तथा कोषाध्यक्ष जियाउल अंसारी के द्वारा दिया गया है। समिति के द्वारा यह भी बताया गया कि मौसम को देखते हुए तिथि व समय में बदलाव किया गया है। पुनः दस अक्टूबर को तमाम क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करते हुवे प्रतियोगिता मेला में भाग लेने का अपील कमिटी के द्वारा किया गया है।

## 19 वर्षीय शादी शुदा प्रीति की कुआं में डूबने से मौत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पुंडरा गाँव में 19 वर्षीय शादी शुदा प्रीति की कुआं में डूब जाने से मौत हो गयी है। मृतक महिला दीपक महतो, पिता जगदीश महतो की पत्नी थी। पिछले 5 माह पूर्व प्रीति संग दीपक की प्रेम विवाह हुई थी। हालांकि मौत का कारण क्या है इसके लिए पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मृतक प्रीति के मायके बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिनगा मुरपा गांव बताया जा रहा है। परिजनों ने अपने दामाद दीपक महतो पर हत्या का आरोप लगा रहें है। जानकारी के अनुशार बीते मंगलवार की सुबह 5 बजे घर से चूल्हा जलाने को लेकर उठी थी। जब एक घण्टे तक पता नहीं चला तो उसे खोजबीन किया जाने लगा। इसी दौरान 12 बजे के लगभग गाँव के खेत में बने कुआं में जब झगर डाला गया तो शव होने की पुष्टि हुई जहां पुलिस की मौजूदगी में शव को कुआं से बाहर निकाला गया। और परिजनों को जानकारी दी गयी। परिजनों ने बार बार आरोप लगा रहे थे की पति और माँ पिता मिल कर प्रीति की हत्या कर दिया गया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पूरी खुलासा हो सकती है। इधर सिमरिया पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। हालांकि परिजनों ने अभी तक सिमरिया पुलिस को कार्रवाई को लेकर लिखित आवेदन नहीं दिया

## नाबालिक बिषापान मामले ने मृतिका के भाभी ने प्रतापपुर थाने में करायी प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापुर :** थाना क्षेत्र के बिषापन मामले में मृतिका की भाभी शांति देवी पति मुकेश भारती ने थाना में आवेदन देकर लोन देने वाले प्राईट कंम्पन्नी कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट एवं उनके कर्मचारी सुनिल पासवान पर अपने नाबालिक ननद खुशबू कुमारी (मृतिका) के साथ गाली- ग्लौज, मारपीट व हत्या करने का आरोप लगायी है। आरोपी सुनिल पासवान पिता हरि पासवान गया(बिहार) के गुरूवा थाना के रहने वाला है। आवेदन में मृतिका नाबालिक के भाभी ने लिखी है कि तीन माह पूर्व लोन देने वाले कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट कंम्पन्नी से 50 हजार लोन लिया था। प्रत्येक सप्ताह किस्त के रूप 585/ रूपये हर शुक्रवार को जमा करना पड़ता था। बीते शुक्रवार को हम अपने पांच माह का बेटे को ईलाज कराने के लिए चतरा चली गई थी। जिसके बाद उक्त किस्त के पैसे मेरी नाबालिक ननद पैसा जमा करने के लिए गई थी। आधा घंटा देर होने के वजह से कैशपॉर के कर्मचारी सुनिल पासवान ने मेरे ननद के साथ गाली-गलौज करने लगा तथा दुर्व्यहार करते हुए उसके साथ मारपीट किया। इस घटना से आहात में आकर ननद ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने बताया कि मृतिका के आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 135/23 में कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट व कर्मचारी सुनिल के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को धर-पड़कर करने के लिए छानबीन शुरू कर दिया गया है मामूल हो कि कैशपॉर कंम्पन्नी की ऑफिस प्रतापपुर मुख्यालय निवासी मुनिब प्रसाद के घर में स्थित है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी सुनिल पासवान फरार हो गया है। प्रतापपुर मे दर्जनो प्राईट ऐसे कंम्पन्नी है जो लोगो को लोन देकर ब्याज वसूलने का काम करती है तथा लोन की राशि को महिलाओ से मानसिक टेंशन देकर वसुलने का काम करती है।

## विकास की पोल खोल रही लातेहार जिला मुख्यालय की सड़क, प्रशासन की उदासीनता से ग्रामीण नाराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले पानीटंकी से पांडेयपूरा होते हुए बेसरा जाने वाली सड़क की स्थिति बद से बत्तर हो गई है। जहां तहां गड्ढे हो जाने और गड्ढे में पानी भर जाने के कारण स्कुल के बच्चे के साथ साथ राहगीरों को भी आने जाने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि यह सड़क जिला मुख्यालय से सटा हुआ है और दर्जनों गांव इस सड़क से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद भी इस सड़क का यह दुर्दशा होना यह दुर्भाग्य की बात है कि इस सड़क का मरम्मत क्यों नहीं हो पा रहा है जबकि सुबह से ही लोगों का आवागमन लगा रहता है। वहीं राहगीरों के अनुसार बताया जाता है कि सड़क का मरम्मत नहीं हो पाने के कारण यह सड़क आज पूरी तरह से टूट कर गड्ढे में तब्दील



हो चुका है। इस जर्जर सड़क पर गाड़ी चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे और पत्थर निकल जाने के कारण लोग आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जबकि इस सड़क का निर्माण 2012-13 में कराई गई थी। सड़क बनने के 2-3 वर्ष तो ठीक-ठाक रहा उसके बाद से ही सड़क जर्जर हो गई है। लेकिन सड़क बनाने को लेकर किसी ने अभी तक दिलचस्पी नहीं दिखाई है। जबकि यह सड़क दर्जनों से अधिक गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ती है।सबसे ज्यादा परेशानी तो बरसात के समय होता है क्योंकि उस समय गड्ढे में पानी भर जाने के कारण इस सड़क की स्थिति बद से बत्तर हो जाती हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार अधिकारियों से सड़क बनवाने पर चर्चा किया गया। लेकिन अधिकारियों द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। पिछले कई सालों से अधिकारियों से सड़क बनवाने पर चर्चा किया गया।ग्रामीणों के द्वारा आवेदन भी दिया गया है, लेकिन अभी तक सड़क बनाने को लेकर कोई पहल नहीं किया गया है।

## बारिश के कारण खपरैल घर गिरा, परिजन परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बारियातू, प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम स्थित टोला नवाडीह में दिलेश्वर गंझु पिता जगन गंझू का मिट्टी खपरैल घर लगातार बारिश होने के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे परिजनों को रहने मे काफ़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. पीड़ित परिवार दिलेश्वर गंझू ने बताया कि लगातार हो रहे बारिश के कारण मेरा घर भरभरा कर गिर गया, जिससे घर में रखे खटिया, कुर्सी, बर्तन तथा खाने का अनाज सहित अन्य सामग्री गिरे दिवार की मिट्टी से दबकर खराब हो गया। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है. हम मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण करते है, गरीबी के कारण अपने से घर बना पाना संभव नहीं है। बरसात मे हम सभी परिवार को रहना मुश्किल हो गया है। इधर बारियातू बस्ती स्थित गोविन्द पासवान पिता चूल्हन मांझी का भी मिट्टी खपरैल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया है। घर गिरने से परिजनों को रहना मुश्किल हो गया। पीड़ित गोविन्द के पत्नी सबिता देवी ने बताई की हमलोग पांच परिवार घर मे रहते है। घर हालात ठीक नहीं है. एक रूम कर्ज लेकर बनाए हैं लेकिन सभी परिवार को रहना काफी किल्लत होती है। उक्त दोनों पड़ितों ने प्रखंड प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

## सड़क में कीचड़ या कीचड़ में सड़क ग्रामीण सड़को का हाल बेहाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के पुंडरा गाँव में हल्की से बारिश ने ग्रामीण सड़कों का बदहाली का खुलासा कर दिया है। यही कारण है कि हल्की बारिश में यह ग्रामीण सड़क का हाल बदहाल हो गया है। उक्त सड़क पर चारपहिया छोड़ पैदल चलना दूभर हो गया है। गौरतलब है कि यह सड़क देवी मंडप से लेकर लखन साहू के घर तक डीएमएफटी मद से निविदा निकाली जा चुकी है परन्तु अभी तक यह सड़क पर किसी तरह का कोई काम नहीं हो पाया है। जबकि यह सड़क को नेहा इंटरप्राइजेज द्वारा सविंदा लिया गया है। लेकिन नेहा इंटरप्राइजेज द्वारा उक्त सड़क पर अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। बता दें कि उपायुक्त चतरा द्वारा बार बार सवेंदको को अविलंब डीएम एफटी मद का कार्य पूरा करने का निर्देश एक माह पूर्व दिया जा चुका है। लेकिन उपायुक्त के निर्देश को भी अवहेलना किया जा रहा है। इधर उक्त सड़क पर सैकड़ो वाहनों का परिचालन होते रहता है ।चुकी गांव का मुख्य सड़क है। यही कारण है कि ग्रामीणों को घरों से निकलना दूभर हो गया है। जबकि आतायाता सुविधा जनक होने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण किया जाना है। वहीं इस तरह का सड़क का हाल प्रायः सभी ग्रामीण क्षेत्रों में है।

## तीसरे दिन बाद आमरण अनशन टूटा, बीडीओ मिनी कुमारी जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखण्ड आमरण अनशन में बुधवार को सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास पहुंचे एवं अनशन पर बैठे लोगों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि छोटी बड़ी की हर समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा इसके लिए सभी विभाग को उनकी समस्त पत्थलगड़ा की समस्या से अवगत कराया जाएगा वहीं कई वक्ताओं ने पत्थलगडा की समस्या को अपने मुखारविंद से रखा और कहा कि इस तरह की समस्या होने से प्रखंड में क्या विकास हो पाना संभव है। वही एसडीओ ने कहा कि पत्थलगड़ा की जनता को एवं पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय के कर्मियों को आपसी संबंध में बनाते हुए पत्थलगड़ा के विकास के कार्यों को करना है जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधरे। इस अवसर पर जेएमएम सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा बीडीओ सह अंचलाअधिकारी मोनी कुमारी जिप सदस्य राम सेवक दांगी, प्रमुख मनीषा कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास यादव सिंघानी मुखिया राधिका देवी नोन गांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन, पूर्व मुखिया मेघन दांगी , पूर्व मुखिया सतीश कुमार अनिल दांगी, संजय दांगी, रामचंद्र दांगी, बीरबल दांगी रुद्रनाथ दांगी, के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पत्थलगड़ा में धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी नहीं आई कोई आलाअधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** 23 सूत्री मांगों को लेकर पत्थलगडा प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीणों का आमरण अनशन दूसरा दिन भी जारी रहा। आमरण अनशन के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी जिले के कोई भी वरीय अधिकारी आंदोलनकारियों से अभि तक मिलने कोई अधिकारी नहीं पहुंचे। वही आमरण अनशन की सूचना पाकर मंगलवार को जेएमएम मनोज चंद्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंनें कहा की जल्द से जल्द सभी मांगो को पूर्ण किया जाएगा। मनोज चंद्रा ने आश्वासन देते हुऐ कहा की में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से व चतरा उपायुक्त अबू इमरान से बात कर आपके सभी मांगों को रखेंगे। जैसा आप सभी को पता है की सिंघानी के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद व



भीमसेन ओड़िया आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। पत्थलगडा के ग्रामीण पिछले एक महीने से 15 व 8 सूत्री मांगों को लेकर अडिग हैं। और तक कई सभाएं कर चुके है। अपनी मांगों को लेकर कई बार जिले के आलाधिकारियों से गुहार लगा चुके है। आन्दोलनकारी राजेन्द्र प्रसाद दांगी ने बताया कि हमारी मांगों में पत्थलगड़ा में बंद पड़े जलमीनार को शुरू करने, बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना, प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय, कार्यालय निर्माण के जमीन देनेवाले की सूची प्रदर्शित करे, जमीन से संबंधित खतियान को अपलोड करे, गैरमजरूआ और बकास्त का रसीद निर्गत करे, बकुलिया नदी पर चेकडैम और पक्का बांध निर्माण, मेराल पंचायत के आंगनबाड़ी का संचालन सिमरिया से हटाकर पत्थलगड़ा करे, किसानों के लिए खेतों में बिजली मुहैया, कई स्थानों में पुलिया और सड़क निर्माण सहित अन्य मांग शामिल है। पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि जब तक उनकी मांगे नहीं पूरी की जाएगी वह आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे।

## सुधांशु नाथ शर्मा बनाए गए आरएनएस इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीईओ सह राम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज के सचिव दिनेश मिश्र ने पत्र जारी कर उक्त कॉलेज के नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में अंग्रेजी विभाग के व्याख्याता सुधांशु नाथ शर्मा को प्रभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश के आलोक में श्री शर्मा ने मंगलवार को प्रभारी प्राचार्य के रूप में पद भार ग्रहण किया।पद भार ग्रहण के उपरांत उन्होंने ने बताया की सचिव और जैक के निर्देशानुसार अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी पूर्वक करने का प्रयास करूंगा।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज के आधे अधूरे बचे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। कॉलेज में पठन पाठन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालन किया जायेगा। कॉलेज के कर्मियों को ससमय उपस्थिति अनिवार्य होगी एवं अपने अपने दायित्वओ का सुनिश्चित कराना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है।



उन्होंने आगे बताया की प्रभारी प्राचार्य रामबली सिंह 30 सितंबर को सेवा निवृत हो गए हैं।सेवा निवृत के उपरांत सचिव ने यह जम्मेवारी दी है। पदभार ग्रहण करने से पहले कॉलेज के प्रांगण में स्थित बाबू राम नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य राजेश्वरी सिंह, सरोज कुमार सिंह, आंक्षा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, संतोष कुमार, दीपांकर सिंह, नीतीश सिंह, ग्रीश सिंह, आरएनएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो ओम प्रकाश निवलेंदू, डा रामजीत यादव, प्रो सतेंद्र कुमार यादव, प्रो शिव रतन सिंह, प्रो उमेश सिंह, कैलू सिंह ने फूलों का माला का पहनाया एवं गुलदस्ता देकर शुभ कामनाएं देते हुए ढेर सारी बधाइयां दिए हैं।

## मूसलाधार बारिश में गरीब का घर हुआ ध्वस्त लाभुक प्रशासन से कर रहा है आवास की मांग



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत के महुआ टांड टोला में ब्रह्मदेव भुईयां पिता स्व सुखलाल भुईयां का घर लगातार 2 दिन के बारिश में पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। बताते चलें कि पिछले दिन उनकी खबर अखबार में छपी थी लेकिन आज पूरी तरह से ध्वस्त हो गया जिसे लेकर उसने प्रशासन से आवास की मांग किया है। इनके पास तत्काल कहीं रहने की भी व्यवस्था नहीं है। यह व्यक्ति अत्यंत गरीब है और दिहाड़ी मजदूरी कर अपना भरन पोसन करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### शौर्य जागरण रथ यात्रा का विष्णुगढ़ में स्वागत, किया गया नगर भ्रमण

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैकड़ो वर्षो की तपस्या एवं बलिदानों के बाद उत्तरप्रदेश की पावन धरा अयोध्या जी मे बहुप्रतीक्षित श्री राम मंदिर आज लगभग पूर्ण होने को है। करोड़ो हिंदुओ के आराध्य भगवान श्री राम अपनी जन्मभूमि अयोध्या धाम में भव्य,दिव्य ऱाम मन्दिर में अपने बाल स्वरूप में 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे सनातन परंपरा के साथ विराजमान होंगे। इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार और सभी की भागीदारी के उद्देश्य से झारखंड में चार स्थानों से रथयात्रा निकली गई,जिसमे चतरा से शहीद मंगल पांडेय की धरती फाँसी तालाब से बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा के रूप में बन रहे राममंदिर के स्वरूप को सभी के सामने रखा गया। रथयात्रा चतरा से गिरिडीह होते हुए विष्णुगढ़ के नरकी मोड़ पर विश्वहिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजेबाजे एवं फूलों से रथ का स्वागत किया गया।रात्रि हो जाने के कारण रथ को बीती रात को हरिहरधाम ले जाया गया और आज करीब 11ः00 पुनः बजरंगियों के द्वारा रथ को चलनिया,नावाडीह,कसेरा मुहल्ला,बासंती दुर्गा मंदिर,गोला चौक,बंशीधर अखाड़ा चौक,हॉस्पिटल चौक,सातमील दुर्गा मंदिर होते हुए टाटीझरिया में उपस्थित बजरंगी भइयो को रथ सौपा गया।

### हजारीबाग के युवा पत्रकार अमित कुमार अब इस दुनिया में नहीं रहें, इलाज के क्रम में हुआ निधन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा पत्रकार अमित कुमार अब इस दुनिया में नहीं रहें। करीब 40 साल की उम्र में उनका इलाज के क्रम में अहमदाबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। अमित कुमार हजारीबाग में वर्षों तक न्यूज 11 चैनल के लिए सेवा प्रदान किए हैं। वे शहर के दिपुगढ़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहते थे। पिछले कुछ वर्षों से प उन्होंने फार्मिंग का कार्य शुरू किया था। लीवर सिरोसिस की समस्या उनके लिए काल बन गया और उनके जीवन की एहलीला को समाप्त कर गया। फिलहाल वे बीमार होने के बाद पटना के ग्राम बेली स्थित अपने पैतृक आवास में रहते थे। वे अपने पीछे दो मासूम पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए इधर युवा पत्रकार अमित कुमार के निधन पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके दिवंगत आत्मा की शांति के साथ शोकाकुल परिजनों को इस पहाड़ जैसे दुःख से उबरने की अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा की अमित एक होनहार युवा थे और अपने राजनीति के शुरुआती दिनों से ही इनसे जुड़ा रहा हूं। ऐसे परिचित युवा के असामयिक निधन की सूचना पाकर मन स्तब्ध है। उन्होंने यह भी कहा की युवा पत्रकार अमित कुमार का असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है ।

### बरही से आगामी 8 अक्टुबर को भारी संख्या में सनातनी एकजुट होकर जाएंगे रांची

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के करियातपुर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की राष्ट्रीय योजना अंतर्गत आगामी कार्यक्रम 8 अक्टूबर रांची धुर्वा मैदान में शौर्य जागरण यात्रा सह धर्म सभा हिंदू सम्मेलन को लेकर करियातपुर हनुमान मंदिर के प्रांगण में मंगलवार शाम को एक बैठक हुई। जिसमे प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर एवं जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ ओम ध्वनि से किया गया। मौके पर गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि आगामी 8 अक्टूबर को रांची में हिंदू महासम्मेलन हो रहा है। जिसमें सभी मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं राम भक्त इस हिन्दुमहासभा शौर्य जागरण यात्रा में शामिल होना है। साथ ही साथ संयोजक व सह संयोजक का भी चयन किया गया। वहीं संयोजक के रूप में धर्मेंद्र कु. प्रजापति एवं सह संयोजक कमलेश कु. कुशवाहा, मातृशक्ति में संयोजिका किरण वर्मा, सह संयोजीका प्रिया रानी को बनाया गया। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित विश्व हिंदु परिषद प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार केसरी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, बजरंग दल संयोजक संदीप केसरी, खंड सहकार्यवाहा संतोष कु.प्रजापति, मुरली मनोहर प्र. केसरी, अमित केसरी, मनीष केसरी, अभिषेक सोनी, संदीप केसरी, मुन्ना शर्मा, सूरज शर्मा, अंबिका केसरी, प्रदीप शर्मा, रौनक केसरी, संतोष केसरी, दीपक केसरी, प्रकाश कु. प्रजापति, दीपक कु. प्रजापति, विनोद केसरी सहित राम भक्त शामिल हुए।

### जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, दिये गये कई निर्देश




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आपसी समन्वय एवं सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्त्वबोध एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य कराने की सलाह दी साथ ही सुनियोजित तरीके एवं आपसी समन्वय से बाधाआओं को दूर कर संचालित योजनाओं को गति प्रदान करने की बात कही। योजनाओं पर आपसी समन्वय से हो रहे कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इससे पूर्व पिछले बैठक में दिये गये लक्ष्यों तथा उनपर की गई कार्रवाईयों की भी समीक्षा की गई।

**अधिकारियों को दिये गये निर्देश :** मौके पर उपायुक्त ने पोटो हो खेल योजनान्तर्गत स्कूल कैम्पस को समाहित करते हुए जमीन चिन्हितीकरण में तेजी लाने के बाबत बीडीओ-सीओ को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। खेल क्षेत्र में बेहतर प्रयास हेतू सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन करने का निर्देश दिया। वहीं वनक्षेत्रों में वर्षों से रहरहे जनजातिय परिवारों को वनाधिकार पट्टा देने में गति लाने के लिए कैम्प लगाने का प्रस्ताव पर उपायुक्त ने इसमें तेजी लाने के साथ-साथ वनाधिकार समितियों के पुर्नगठन का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जनता दरबार के आवेदनों पर नियमानुसार एवं ससमय कार्रवाई करते हुए आवेदकों को भी आवेदन पर हुई कार्रवाईयों से अवगत कराने को कहा। साथ ही पीजी पोर्टल के मामले उपर डीसी ने कहा कि यह सेवा अधिकार से संबंधित है इसलिए प्राथमिकता के आधार पर ससमय निष्पादन करें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान लुपुंग स्वास्थ्य उपकेन्द्र में बोरिंग फेल होने के मामले पर उपायुत ने किसे नये योजना से जलापूर्ति के विकल्प के इस्तेमल कर उपकेन्द्र में जलापूर्ति के निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के भूमि अतिक्रमण, भूमि अप्राप्तता, वन भूमि से संबंधित समस्याओं को समन्वय कर हल करने का निर्दश अंचलाधिकारियों को दिया। साथ ही टाटीझरिया प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेबर रूम का सुव्यवस्थिति करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पहल करने की बात कही।

## रामदेव खरिका में 10 अक्तूबर से शुरू होगा फुटबॉल टूर्नामेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दारू प्रखंड के रामदेव खरिका में आगामी 10 अक्टूबर से आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने हजारीबाग पहुंचकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विधायक कार्यालय में मुलाकात की और टूर्नामेंट के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि आने का निमंत्रण दिया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग में फुटबॉल का पुराना क्रेज वापस लौटा है। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट हजारीबाग के फुटबाल प्रेमियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं हैं। इस टूर्नामेंट का प्रभाव क्षेत्र के युवाओं में पड़ा है और लगातार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी आयोजन हमसे सहयोग मांगते हैं हर संभव प्रयास करते हैं कि उनके आयोजन में हमारी सहभागिता हो और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा।

## आकांक्षी प्रखंड के तहत कटिया पंचायत में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पंचायत कटिया बस्ती में नीति आयोग भारत सरकार नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशानुसार आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रोथ मॉनिटरिंग ऑफ चिल्ड्रन,वेटिंग ऑफ प्रेग्नेंट ओमेन,गोद भराई और अन्ना पर्सन सेरेमनी एट आंगनबाड़ी, कपल पे बात-संतुलित आहार,मेरा पौष्टिक बगीचा टॉलक ओं बेस्ट प्रैक्टिस ऑफ़ किचन गार्डनिंग का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में 6 आंगनबाड़ी केंद्रो का सेविका सहिया दीदी गर्भवती महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो एवं संचालक पंचायत सेवक शब्या कुमारी के द्वारा किया गया मुखिया के द्वारा बताया गया कि यह साप्ताहिक कार्यक्रम है और यह कार्यक्रम 9 सितंबर 2023 तक प्रतिदिन विषय अनुसार सभी प्रखंड और पंचायत में चलेगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन,उप मुखिया नंदकिशोर महतो,गणेश कुमार ठाकुर,सुनील कुमार महतो,वार्ड सदस्य किरण कुमारी,संगीता कुमारी, नुनी देवी,रणधीर कपूर,गोपाल महतो,इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित 16 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार पहल की जा रही है। जिला प्रशासन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधारभूत संरचना एवं कुशल चिकित्सकों, नर्स, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन हेतु वॉक इन इन्टरव्यू आयोजित किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गठित चयन समिति में डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह, प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीना, नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार सहित विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल थे।

## खेलो सिल्ली अभियान के तहत झारखंड प्रीमियर लीग फुटबॉल खेल का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर में बुधवार को झारखंड प्रीमियर लीग फुटबॉल खेल का शुभारंभ माननीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। इस खेल समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज खिलाड़ी हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को देंगे टिप्स, इस शानदार आयोजन में देश-विदेश के नामी- गिरामी फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। जबकि कई बड़े खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेल का हिस्सा भी बनेंगे। बाहर से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों पर सबकी नजर लगी हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के साथ भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, आई एम विजयन, जो पॉल अनचेरी और हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले सरीखे महान खिलाड़ी विशेष तौर पर शामिल थे।

टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया है। इनमें रमेश स्पोर्टिंग, बाबा स्पोर्टिंग, स्टोनएक्स सेवन, तेलंगाना टाइटंस, बोकारो सुपरकिंग्स, सी.ऐ.जे टाटा, सिल्ली यूनाइटेड, एच एल एम स्पोर्टिंग शामिल हैं। युवा एवं प्रतिभावान इन टीमों के बीच कड़े और दिलचस्प मुकाबले को देख सकेंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के स्थानीय खिलाड़ियों को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका देना है। यह टूर्नामेंट राज्य में खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

## आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव मे योग प्रतियोगिता का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारत सरकार के आदेशानुसार झारखंड आयुष विभाग के द्वारा बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड स्तरीय योग आयुष विभाग हजारीबाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्रामपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार एवं छात्र एवं छात्राएं को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को आयुष विभाग हजारीबाग के द्वारा टी-शर्ट, टोपी दिया गया तो वही चयनीत सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वही इस योग- प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विद्यालय से दो - दो प्रतिभागियों का चयन किया गया। सभी चयनीत प्रतिभागियों के बीच में से ही प्रखण्ड स्तरीय योग प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कर चयनीत बच्चों के बीच बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों व शिक्षकों को भी मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस योग प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति लोगो को जागरूक करना है।

## अलपिटो में रामलीला का किया जा रहा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अलपिटो पंचायत के ग्राम चौथा के उच्च विद्यालय प्रांगण में रामलीला का आयोजन किया गया है।जिसका उद्घाटन समाजसेवी धानेश्वर यादव ने फीता काट कर किया।इस बाबत जानकारी देते हुये धानेश्वर यादव ने बताया कि काशी से आई रामलीला टीम के द्वारा रामलीला किया जाना है। ग्यारह दिनों तक रामायण से जुड़ी राम की लीला, झांकी के माध्यम से दिखाया जाएगा साथ ही बताया कि हिंदू धर्म बढ़ावा को लेकर जगह-जगह पर बनारस की रामलीला टीम सियाराम सत्संग सुंदरकांड पाठ को दिखाया जा रहा है। आगे कहा कि इस रामलीला में दूर से आए महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गो की काफी भीड़ हो रही है। रामलीला में कलाकारों का रहने खाने का खर्च ग्रामीणों द्वारा बारी- बारी से वहन किया जा रहा है। रामलीला उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से पंसस प्रतिनिधि भीखन रविदास,भुनेश्वर यादव,पिंटू यादव,जगरनाथ यादव,सुधांशु मिश्रा, दिलीप यादव,छोटी यादव, सूरज यादव,बलदेव रविदास समेत काफी संख्या ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में अंतर्विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस फुटबॉल ग्राउंड में अंतर्विभागीय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बुधवार को उदघाटन के मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का उदघाटन किया। बता दें कि कृषि, आईटी, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व आर्ट्स की टीम ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। बुधवार को पहला मैच कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व आईटी के बीच खेला गया, जिसमें आईटी विभाग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच कृषि और कला विभाग के बीच खेला गया, जिसमें कृषि विभाग की टीम ने 2-1 से मैच में जीत हासिल की। अब गुरुवार को फाइनल मुकाबला आईटी व कृषि विभाग के बीच खेला जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने उदघाटन मौके पर कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल भी जरूरी है। इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न खेलों का आयोजन कराया जाता है और विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ साथ विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का समावेशी विकास करना है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय की ओर से समय समय पर वेबीनार, सेमिनार, सांस्कृतिक गतिविधियां व विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। डॉ गोविंद ने कहा कि क्रिकेट, फुटबॉल के अलावा विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय खेलों पर भी जोर दिया जाता है, जिससे क्षेत्रीय खेलों के प्रति भी विद्यार्थियों की रूचि बढ़े और इन खेलों में भी आने वाले समय में परचम लहरा कर विद्यार्थी देश का नाम ऊंचा कर सके। बताते चलें कि बुधवार को खेले गए दोनों मैचों में रेफरी की भूमिका सह प्राध्यापक सुरेश कुमार महतो ने निभाई। वहीं कमेंट्री सह प्राध्यापक राजीव रंजन ने की। टूर्नामेंट को सफल बनाने में खेल शिक्षक आदित्य कुमार, डॉ रूद्र नायायण, मुकेश कुमार, उदय रंजन, संजय कुमार दांगी व अन्य अहम योगदान दे रहें हैं।

## सांसद जयंत सिन्हा द्वारा नियुक्त टीम ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण करने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा नियुक्त टीम पहुंची। उक्त टीम में सांसद प्रतिनिधि बरही विधानसभा अर्जुन साहू, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, संजीव कतरियार, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र गिरी आदि मौजूद थे। मौके पर डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी भी मौजूद थे। डीएस ने उक्त टीम को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों की समस्याओं से अवगत कराया। वही बताया कि ट्रामा सेंटर चालू करने के लिए मैनपावर चाहिए, जो हमलोगो के पास नही है। वहीं उक्त टीम ने बताया कि इन सारी समस्याओं से सांसद महोदय को अवगत कराएंगे। वही निरीक्षण करने आए सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू ने कहा कि मैं स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता से मिला था, डॉक्टरों की समस्या से अवगत भी कराया, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। झारखंड सरकार व स्थानीय विधायक का ध्यान इस और नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि मलेरिया आदि जांच करने वाला मशीन भी खराब पड़ा है। वहीं भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू ने कहा कि डीएमएफटी के द्वारा जो स्टाफ रखा गया है, वह बेहतर कार्य कर रहे हैं। लेकिन अस्पताल में भी काफी कमी है, प्राइवेट पैथोलॉजी को बढ़ावा देने के ख्याल से अनुपयोगी माइक्रोस्कोप दिया गया है, डॉक्टरों की कमी के अलावा ड्रेनेज सिस्टम फेल है, पीने की पानी की व्यवस्था में लगा आरओ सिस्टम भी खराब हो गया है। डेंटल इक्विपमेंट को इंस्टॉल नहीं किया गया है, अस्पताल के पिछले भाग के बाउंड्री वॉल को भी ऊंचा करना होगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि सरकारी एंबुलेंस होने के बावजूद भी निजी एंबुलेंस अस्पताल परिसर में लगा रहता है, जो गलत है।

## बरसात के दिनों में ग्रामीण कंधों पर बाइक उठाकर नदी पार पंहुचते अपने घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा से महज आठ किलोमीटर कि दुरी पर प्राकृतिक छ्टाओं व पहाडियों के तलहटी पर अवस्थित आदिवासी बहुल गांव तेतरिया, ज्वार, पहाडपुर, कुशहन आदि गांवों में करीब दो हजार आदिवासी परिवार निवास करते हैं.परतुं देश आजादी के बाद भी इन गांवों में निवास करनें वाले लोगों को आजतक पक्की सड़क मार्ग और तेतरिया नदी पर पुल निर्माण कार्य नसीब नहीं हुआ है.बताते चलें कि इन गांवों कि भगोलिक दृष्टिकोण से देखा जाय तो पहाड़ियों,नदियों,एवं जंगलों से चारों ओर घिरा हुआ है.रोजगार,शिक्षा,बैंकिंग कार्य, खाद्य सुरक्षा अधिनियम से मिलने वाले राशन सामग्री,या सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने व घरेलु कार्यों से संबंधित कार्य करने के लिए लोगों को बरकट्ठा आना-जाना पडता है.परतुं सडक़ व पुल नहीं रहने के चलते इन गांवों के आमलोगों को बरसात के समय में काफी कठिनाइयों कि सामना करना पड़ता है. ग्रामीण मोटरसाइकिल को अपने कंधों पर रखकर नदी पार करते हैं.जो दृश्य बताता है कि ग्रामीण परिवेश लोगों को आज भी सडक़ व पुल नहीं रहने के चलते किन-किन कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है.एक ओर सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है.ओर सडक़,शिक्षा,स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं को भारत के प्रत्येक गांवों में पहुचाने कि बात करती है. चुनावों में पार्टियों के उम्मीदवार पुल बनाने का घोषणा तो करते हैं परंतु चुनाव के बाद जीतने वाले उम्मीदवार अपना घोषणा भुल जाते हैं।इस संदर्भ में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि मेरे विधायक कार्यकाल में इन क्षेत्रों में सडक़ व पुल निर्माण कार्य को लेकर सर्वेक्षण विभाग के द्वारा किया गया था.परतुं आजतक सडक़ व पुल निर्माण कार्य नहीं किया जाना चिंता का विषय है.

## बरही डीलर संघ की मासिक बैठक सम्पन्न बकाया कमीशन भुगतान करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड सभागार में पीडीएस दुकानदारों की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन पीडीएस संघ के प्रखंड अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने किया। बैठक में प्रखंड की सभी पीडीएस दुकानदार एवं स्वयं सहायता समूह की दीदीयां शामिल हुए। बैठक में सभी दुकानदारों ने वितरण में होने वाली परेशानी के बारे में अपनी अपनी समस्याओं से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को अवगत कराया। वहीं पीडीएस संघ के अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने कहा कि पीछले वर्ष 2022 मे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरण किया गया राशन क बदले बकाया कमीशन का भुगतान का नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि वरिय अधिकारियों से बात कर अतिशीघ्र भुगतान कराने का अश्वासन दिया। वहीं जनवरी, फरवरी , मार्च 23 तक का बकाया कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। शेष बचे जूलाई, अगस्त सितम्बर 23 का भी कमीशन का भुगतान नहीं किया गया। वहीं सभी डीलरों ने त्योहार को देखते हुए बकाया कमीशन भुगतान करने की मांग किया। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि राशन का सही तरीके से वितरण करें तथा नियमित रूप से दुकान खोलने एवं राशन वितरण करने का निर्देश दिया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल की शुरुआत 7 अक्टूबर से होगी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिंत्रा ने अपने सबसे बड़े फेस्टिव फैशन महोत्सव, बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) की घोषणा कर दी है। मिंत्रा के बीएफएफ के इस चौथे संस्करण में फैशन, ब्यूटी, और लाइफस्टाइल के 6000 से ज़्यादा ब्रांडों के 23 लाख से अधिक स्टाइल मिलेंगे। इस फैशन कार्निवल में 80 लाख से ज़्यादा ग्राहकों द्वारा खरीददारी किए जाने का अनुमान है। प्लेटफ़ॉर्म का यह प्रमुख वार्षिक फेस्टिव शॉपिंग बोनांज़ा 7 अक्टूबर से शुरू होगा। इस महोत्सव में गैर-मेट्रो शहरों के ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों के 5 लाख से ज़्यादा नये स्टाइल एकत्रित किए गये हैं। इस अवधि में बढ़ने वाले यातायात और प्लेटफ़ॉर्म पर आने वाले हर खरीददार के लिए शॉपिंग का सुगम व आसान अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मिंत्रा ने अपने सिस्टम को एक साथ 10 लाख ग्राहकों को संभालने के लिए तैयार कर लिया है। इस साल इस प्लेटफ़ॉर्म पर शो-स्टॉपर्स, बीएफएफ स्पेशल और रिवार्ड्स जैसी फेस्टिव-सेंटर्ड कैटेगरीज़ भी उपलब्ध होंगी।इस प्लेटफ़ॉर्म पर 150 से अधिक नए लॉन्च, क्रॉस-ब्रांड गठबंधन और दिलचस्प सेलेब×ब्रांड क्रॉसओवर के साथ 'बीएफएफ स्पेशल्स' का अद्वितीय हीरो संग्रह मिलेगा। इन त्योहारों पर फैशन एवं ब्यूटी के अलावा जिन उभरती हुई श्रेणियों में माँग बढ़ने की उम्मीद है, उनमें होम प्रोडक्ट्स, लगेज, ट्रैवल एवं एक्सेसरीज़, जूते और हैंडबैग शामिल हैं।




**विविध श्रेणियों से संग्रह :**

इस बीएफएफ में मिंत्रा राइजिंग स्टार्स के बैनर में 1.6 लाख से अधिक स्टाइल और 50 नए मेड-इन-इंडिया डी2सी ब्रांड उपलब्ध होंगे, और महिला एवं पुरुषों, दोनों के लिए फैशन, फुटवियर, एक्सेसरीज और होम श्रेणियों में अद्वितीय स्टाइल के साथ ख़ास संग्रह मिलेगा। इस कैटलॉग की ओर बढ़ते प्रेम व लोकप्रियता के साथ आउटकास्ट, नैप चीफ, बीयोर्स और वेष्टि कंपनी जैसे अग्रणी ब्रांड अत्यधिक आकर्षक मूल्य पर ऑफर लेकर आये हैं।

# सीसीटीवी के लिए वेस्टर्न डिजिटल का पर्पल पोर्टफोलियो है जरूरी

**रांची :** मॉर्डर इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट सिटी और कुशल प्रशासन पर सरकार के जोर के कारण भारतीय सीसीटीवी बाजार में 2028 तक 20. 9% सीएजीआर की उम्मीद है। हालाँकि, इन सिस्टम की दक्षता इस बात पर निर्भर करती है कि सही स्टोरेज सॉल्यूशन का चुनाव किया गया है या नहीं। सीसीटीवी सिस्टम के लिए स्टोरेज सॉल्यूशन का चयन करते समय, कई कारकों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए किसी को मौसम के हिसाब से रखरखाव और डाउनटाइम को कम करने के लिए अच्छी सहनशक्ति वाले विकल्प को चुनने की ज़रूरत है, जैसे प्रोएक्टिव मेंटेनेंस अलर्ट के साथ आने वाला डब्ल्यूडी पर्पल माइक्रोएसडी कार्ड। एक अन्य स्टोरेज सॉल्यूशन जो इन सिस्टम की दक्षता सुनिश्चित करता है, वह है स्मार्ट वीडियो सर्विलांस हार्ड डिस्क ड्राइव (एचडीडी) का उपयोग। ये विशेष एचडीडी 24/7 सर्विलांस और रिकॉर्डिंग को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं, जो स्टैण्डर्ड एचडीडी की तुलना में ज्यादा लाभ देते हैं। WD पर्पल™ माइक्रोएसडी कार्ड और सर्विलांस एचडीडी एक बड़ी और शानदार वीडियो सर्विलांस स्टोरेज सॉल्यूशन बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं। स्मार्ट वीडियो सर्विलांस से कुशल यातायात प्रबंधन के लिए एक सेंट्रल स्टोरेज की आवश्यकता है इसके लिए एचडीडी जैसे स्टोरेज सॉल्यूशन को प्राथमिकता दें। वेस्टर्न डिजिटल के WD पर्पल™ प्रो एचडीडी , जैसे कि 22TB मॉडल, इस उद्देश्य को साधने के लिए एक एक शानदार समाधान है। ये सर्विलांस एचडीडी 24/7 मल्टी-स्ट्रीम, मल्टी-कैमरा यूज़ जैसी मांगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। सर्विलांस एचडीडी के साथ सेंट्रल स्टोरेज के अलावा, ऑन-कैमरा स्टोरेज के लिए एसडी/माइक्रोएसडी™? कार्ड का उपयोग किया जा सकता है। ये कार्ड 24/7 मल्टी-स्ट्रीम, मल्टी-कैमरा उपयोग के लिए भी डिज़ाइन किए गए हैं।




# अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें : डीसी


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** मंगलवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने अवैध कोयला,अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव,अवैध खनन,अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करतें हुए जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जो लोग अवैध रूप से चेकपोस्ट पर गाड़ी पास करा रहे हैं, उनलोगों पर भी सख्त कार्रवाई करें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि वाहनों के आगे एवं पीछे नंबर प्लेट लगा होना चाहिए। अगर इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है तो वैसे वाहनों एवं वाहनों मालिकों पर समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।जांच के दौरान कोई भी वाहन ओवरलोडिंग पाए जाते हैं । तो, वैसे वाहन मालिक एवं जिस क्रशर से लोडिंग हुआ है, उस क्रशर को भी सील करते हुए समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।साथ ही साथ उपायुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्रशरों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं।इस बैठक में पुलिस अधीक्षक एच.पी. जनार्दनन, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप साह,आदि थे ।




# उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

## जल्द निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, मुआवजा राशि, स्वास्थ्य, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# भारत सरकार के निर्देशानुसार नीति आयोग द्वारा भुरकुंडा पंचायत मे आकांक्षी कार्यक्रम किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत भवन मे बुधवार को नीति आयोग भारत सरकार के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयो के निर्देशानुसार प्रखंड स्तर पर आकांक्षी कार्यक्रम किया गया। वही भुरकुंडा पंचायत के आगनबाडी केन्द्रो मे सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के तहत ग्रोथ मॉनिटरिंग आफ चिल्ड्रन, वेटिंग आफ प्रेंग्नेंट वोमेन, गोद भराई और संतुलित आहार बेस्ट प्रैक्टिस आफ किचन गार्डनिंग का कार्यक्रम किया गया वहीं कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी केंद्रो की सेविका सहिया दीदी,गर्भवति महिलाए उपस्थित थी। वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया अजय पासवान व संचालन पंचायत सचिव सावित्री कुमारी के द्वारा किया गया। वहीं भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय ने बताया कि यह कार्यक्रम एक अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक सभी प्रखंड एवं पंचायतो में चलेगा वहीं इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं में कान्ति देवी, सुमन देवी,धात्री महिलाओं मे सुनिता देवी, मुस्कान देवी, वहीं आंगनबाड़ी से सेविका सोभा देवी, सुमित्रा देवी, सहायिका सरीता देवी, सीएचपी एवं न्यू बैरक से प्रिती देवी, मुन्नी देवी, मोनिका देवी, देवमति देवी, उषा देवी, बिजली देवी, मंटी देवी,रीना देवी, सावित्री देवी, प्रमिला देवी इत्यादि महिलाए मौजूद थी



# समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक, सांसद ने अधिकारियों आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ (ए प्र):** बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक,राजमहल सांसद विजय हांसदा की अध्यक्षता में की गई।पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार सांसद ने की समीक्षा,लंबित कार्यों को पूरा करने का दिया निर्देश।राजमहल सांसद विजय हांसदा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन पर क्रमवार समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।बिजली विभाग की समीक्षा क्रम में सांसद ने बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि वैसे गांव का चिन्हित करें, जहां अभी तक बिजली पहुंच नहीं पाई है। वैसे गांव में बिजली बहाल करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया। अगर बिजली में कटौती की जाती है तो इसकी सूचना हमें उपलब्ध करायेंगे।समीक्षा के क्रम में सांसद ने कहा की वैसे दिव्यांग लाभुक का चयन करें जो पेंशन योजना से अभी तक लाभान्वित नहीं हुए हैं। सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी के समीक्षा के क्रम में प्रशासक, नगर परिषद से जानकारी ली की 2015-2022 वर्ष तक में कितने आवास का लक्ष्य निर्धारित था, और अभी तक कितने आवास को पूर्ण किया गया। नगर परिषद, प्रशासक के द्वारा बताया गया कि 2752 आवास का लक्ष्य था जिसमें से 1781 आवास को पूर्ण कर लिया गया एवं 971 आवास कार्य प्रगति पर है। माननीय सांसद के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।वहीं शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान माननीय सांसद ने कहा कि जिले में वैसे विद्यालय जहां पर पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है। वैसे विद्यालयों में अगले बैठक से पूर्व सारी व्यवस्थाएं को दुरुस्त करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया।इसके अलावा सांसद ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ड्ड एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं श्रमिक कल्याण को लेकर विस्तृत समीक्षा की। योजनाओं को ससमय पूर्ण कराए जाने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया। साथ ही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी उसकी जानकारी दिए जाने को कहा ताकि कार्य गुणवत्तायुक्त हो सके। सांसद ने बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन अगली बैठक से पूर्व शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही न हो।बैठक में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिष्टमणी हेम्ब्रम, उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर, सहायक समाहर्ता (भा0प्र0से0) कृष्णकांत कनवाड़िया, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत एवं सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य सभी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

# बाल विवाह मुक्त भारत को ले जागरूकता कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लिट्टीपाड़ा में बुधवार को बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्तूरबा की छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की जानकारी दी गई। जन लोक कल्याण परिषद चाइल्ड लाइन की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं अंधकारमय भविष्य के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्राओं को गीत के माध्यम से भी जागरूक किया गया। कस्तूरबा की छात्राओं ने संयुक्त रूप से बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर बनी गीतों को दोहराया। गीतों के माध्यम से छात्राओं ने बाल विवाह के खिलाफ हर गांव कस्बों से उठ कर आगे आने के लिए आवाज बुलंद किया। भारत देश को बाल विवाह से मुक्त करने के लिए इस क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं साथ चलने के लिए प्रेरित और जागरूक किया।




**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**पशुपालन प्रभाग, झारखण्ड**
**कार्यालय प्रबंधक, राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा (हजारीबाग)**

**खाली बोरा निलामी स्थगित रखने की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR NO - 307480 द्वारा प्रकाशित निलामी सूचना के आलोक में राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा में दिनांक 07.10.2023 को होने वाली खाली बोरों की निलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

पुनः निलामी की सूचना प्रकाशित की जायगी।

प्रबंधक
राजकीय पशु प्रक्षेत्र
गौरियाकरमा हजारीबाग।

PR 308283 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

**MINOR IRRIGATION DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

**Short Tender Reference No.MID/KHUNTI/F,-13/2023-2024**
**Date :-30/09/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Weir Irrigation Scheme, Village-Takra,Block-Khunti,Dist.-Khunti |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 249.00 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 365 days |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 13.10.2023 up to 2.00 PM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids online | 20.10.2023 up to 5.00 P.M. |
| 6. | Last date/Time and Place for receipt of bids Fee, Security and other documents. | 25.10.2023 up to 3.00 P.M. in the office of :- E.E, M.I Division,Khunti |
| 7. | Date of opening Tender | 26.10.2023 1.00 PM |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. |
| 9(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-procurement Officer | :- 9934355409 midivkhunti@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-Procurement cell | :- 9934355409 |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Khunti**

PR.NO.308253 Minor Irrigation(23-24):D

**जिला खनन कार्यालय,पलामू,मेदिनीनगर**

**खनिज परिवहन वाहनों में GPS लगाने की अनिवार्यता के संबंध में सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला अंतर्गत खनिज परिवहन में संबंधित सभी वाहनधारक/खनन पटटेधारी, खनिज अनुज्ञप्तिधारियों, खनिज परिवहनकर्ता एवं खनिज व्यवसायियों को यह निदेश दिया जाता है कि "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining,Transportation and Storage) Rule,2017 के नियम 5(ii) के अनुसार खनिज परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी Minerals Carrying Vehicle पर GPS/RFID Vehicle Tracking Device लगाये जाने की अनिवार्यता है। अतः सभी खनिज ढुलाई वाहनों पर अगले तीन माह के अंदर MoRTh द्वारा अधिकृत किसी भी Supplier से AIS 140 Certification युक्त GPS Vehicle Tracking Device (VTD) को Install किया जाय। Vendor द्वारा उपकरण की e-SIM Validity, गुणवता एवं Warranty को भी बनाया रखा जाय, साथ ही GPS VTD Devices को खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित Vehicle Tracking Solution (VTS) से Integrate किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर

PR 308254 District(23-24).D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी**

**छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

**शुद्धि–पत्र**

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0–95 दिनांक 31.03.2022, राज्यादेश सं0– 41 दिनांक 11.11.2022 तथा अवधि विस्तार पत्रांक 27 दिनांक 21.06.2023 के निदेशानुसार राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/ कृषक समूहों को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रूपये 5.00 लाख पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना लागत रू0 2.00 लाख (दो लाख रूपये) रखे जाने एवं इसका 80% या अधिकतम अनुदान रू0 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार रूपये) पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण का प्रस्ताव है।

उपरोक्त विषय का प्रकाशन दिनांक 04.10.2023 को प्रभात खबर में प्रकाशित किया गया था, जिसका विज्ञापन सं0–**PR308148 Agriculture(23-24)#D** है।

उक्त संबंध में सूचित करना है कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0–95 दिनांक 31.03.2022, राज्यादेश सं0–41 दिनांक 11.11.2022 राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों एवं व्यक्तिगत कृषकों हेतु अपरिहार्य कारणों से कृषि प्रसंस्करण यंत्र वितरण का पैकेज निर्माण का कार्य अभी स्थगित रखा जा सहा है।

शेष कंडिका यथावत रहेगी।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.308321 Agriculture(23-24):D

**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू।

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर , लातेहार स्थित रिचुघूटा वनागार, रिचुघूटा एवं अन्य अस्थायी वनागार में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागारों में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

| वनागार का नाम | समय | अक्टूबर– 2023 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार एवं अस्थायी वनागार प्रादेशिक प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर चैनपुर ,कुन्दरी , पाटन एवं सरकारी परिसर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न | 10-10-2023 |
| रिचुघूटा वनागार एवं अन्य अस्थायी वनागार | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न। | --------- |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,
डालटनगंज।

PR 308258 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

**जिला कृषि कार्यालय, चतरा**

**वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Nutri Cereals & NFSM Coarse Cereals योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना**

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Nutri Cereals & NFSM Coarse Cereals योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

| क्रंसं | कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु) | कृषि यंत्रों की संख्या (सामान्य वर्ग हेतु) | कुल कृषि यंत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| **NFSM Nutri Cereals** | | | | | |
| 1 | Mannual sprayer/knap sack sprayer/foot operated sprayer | Rs.750/- or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women /Rs.600/- or 40% for Gen | 3 | 2 | |
| 2 | Sprinkler sets | The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be from Rs. 19542/- to Rs.21901/- per ha. depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | 1 | 1 | |
| 3 | Millet Mill | 60% of cost or Rs. 1.50 lakh for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / 50% of cost or Rs. 1.25 lakh for Gen. | 1 | 1 | |
| **NFSM Coarse Cereals** | | | | | |
| 1 | Maize Sheller | Rs. 10000/-per unit or 50% SC/ST, small & marginal,women farmers / Rs 40% or Rs. 8000/-Gen | 3 | 3 | |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैंक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 18.10.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

**"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"**

**नोट**– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 308278 (Agriculture) 23-24 (D)

## बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर की बैठक



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्थित जैन धर्मशाला में भाजपा सरिया मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष अजय यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि सरिया मंडल प्रभारी बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेंद्र महतो शामिल हुए। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की ओर से संघठन को मज़बूत करने के लिए बुथ सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। इस बैठक में मंडल कमिटी का सत्यापन एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बुथ एवं शक्ति केंद्रों का सत्यापित किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी नागेंद्र महतो ने बुथ जीतो चुनाव जीतो मंत्र दिया। उन्होंने कहा किबुथ जीतो चुनाव जीतो की तहत 2024 में पुन॰ नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र में कमल खिलेगा और झारखंड में फिर से एक बार मजबूत सरकार बनेगी। सभी को अपना बुथ मजबूत रखने निर्देश दिए। इस बैठक में जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, जिला मंत्री रजनी कौर,नकुल मंडल, हरिहर मंडल,परमेश्वर मोदी, हरिहर मंडल, बालगोविंद मंडल,नकुल पांडेय,फागू पंडित मनोज महतो, मनीष मंडल,धीरन पासवान, बब्लू मंडल, भेखलाल मंडल, बिनोद यादव, यादव,रघुनाथ मंडल परमवीर महतो सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## जसपुर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष चुने गए रोहित सिंह, सचिव बने बजरंगी यादव



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जसपुर दुर्गा पूजा समिति की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुरानी पूजा समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया । नई समिति में सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिये रोहित सिंह, सचिव पद के लिए बजरंगी यादव एवं कोषाध्यक्ष पद में हुलास साब को चुना गया द्य बैठक में राम प्रसाद साब , दीपक सिंह, जीतन सोरेन, राजू तूरी, श्याम लाल सोरेन, देवकी सिंह आदि मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने आज मटकुरिया रोड स्थित सिग्नेचर टावर में सोसाइटी के सचिव सह कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 15 युनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। इस संबंध में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव ने बताया कि सिग्नेचर टावर में कलपत्रु प्रोजेक्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ग्रुप अध्यक्ष मफत राज मनोत के जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। रक्तदान शिविर में कौशलेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद अलाउद्दीन, रवि श्रीवास्तव, योगेन्द्र नाथ नरूला, पार्थो सार्थी दत्ता, बेनजीर परवीन, चांद प्रसाद, डी सतीश रेड्डी, धनंजय कुमार, रंजीत कुमार, अंकित प्रताप, उमा कांत, मोहम्मद इरासिल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के जिलाध्यक्ष बने अनिल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) संगठन के अनिल कुमार शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर रंजन गुप्ता ने रणधीर वर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर संगठन के प्रदेश सचिव सतेन्द्र प्रकाश पाण्डेय, जीत सोनी, सरोज शुक्ला, अजित सिन्हा उपस्थित रहे। इस सम्मान के लिए अनिल कुमार शर्मा ने रंजन गुप्ता एवं समस्त शुभचिंतको को धन्यवाद एवं साधुवाद दिया।

## स्टेशन में भटकते हुए बुजुर्ग को ओल्ड एज होम ने दिया आश्रय

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम प्रबंधन द्वारा संचालित सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त ओल्ड एज होम में एक नए वृद्ध लक्ष्मण सिंह पता धोवाटांड़ शास्त्री नगर का स्वागत कर आश्रय दिया गया। पूछने पर लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पहले काम करते थे लेकिन अधिक उम्र के कारण अब काम छूट गया और भटकते भटकते स्टेशन एवं उन स्थानों पर किसी तरह गुजर बसर करते थे। वहीं धोवा टांड़ के रहने वाले अभिकरण कुमार की जो दिल्ली में जॉब करते हैं उनकी नजर स्टेशन पर पड़े चिंतित लक्ष्मण सिंह पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी से संपर्क किया।

## बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का आंशिक समापन दुर्ग स्टेशन पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के आमगांव स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य हेतु एनआई कार्य किया जाना है ।

इस कारण बरौनी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15231/15232 बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का दुर्ग स्टेशन पर आंशिक समापन/प्रारंभ किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

ऽ दिनांक 07.10.2023 से 13.10.2023 तक बरौनी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का आंशिक समापन दुर्ग स्टेशन पर किया जायेगा ।

ऽ दिनांक 08.10.2023 से 14.10.2023 तक गोंदिया से खुलने वाली गाड़ी सं. 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस गोंदिया के बजाए दुर्ग स्टेशन से ही बरौनी के लिए प्रस्थान करेगी ।

# प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क ही है जर्जर, लोग मना रहे स्वच्छता पखवाड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गावां :** गावां प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय के एवं थाना मोड़ से पहले सड़क की स्थिति जर्जर एवं गड्ढे रहने के कारण पहली बरसात में ही सड़क पर बड़े-बड़े तालाब बन गए हैं जल जमाव की समस्या ग्रामीणों के लिए जंजाल बन गया है एक तरफ सरकार और विभाग स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है अखबार एवं मीडिया में बड़े-बड़े फोटो डलवा रहा है वहीं दूसरी ओर गावां प्रखंड मुख्यालय का मुख्य मार्ग अपनी दुर्दशा का रोना रो रहा है प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों का स्थिति बद से बतर है थोड़ी सी बरसात में सड़क स्विमिंग पूल में तब्दील हो जाता है पिहरा के मानपुर मुख्य मार्ग खास पिहरा से खेरडा मुख्य मार्ग पर थोड़ी सी बरसात से जल जमाव की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है राहगीरों को एवं विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । दुख की बात तो यह है कि यह स्थिति अभी की नहीं है प्रत्येक वर्ष बरसात के महीने में यही स्थिति देखने को मिलती है पर विभाग एवं जनप्रतिनिधि अखबार एवं टीवी चैनल पर खबर को देखकर और पढ़कर प्रेम से मुस्कुरा कर शांत हो जाते हैं। पिछले कुछ महीना पहले ही मानपुर से प्रखंड मुख्यालय मुख्य मार्ग में आजाद चौक के पास जल जमाव की समस्या से प्रत्येक दिन हजारों लोगों को परेशानी का सामना होता है खबर छपने के बाद भी खबर का कोई असर नहीं होता है क्योंकि अंधेर नगरी चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा चाहे कुछ भी हो जाए समस्या का समाधान नहीं होगा इसकी कसम खा रखी है वही मौके पर ग्रामीणों से पूछे जाने पर ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर गड्ढे हो जाने से और जल जमाव की समस्या से दुर्घटना हो रही है कई बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैंवहीं पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दुर्गा पूजा भी नजदीक है दुर्गा मंडप पूजा समिति और मेला का मार्ग भी यही है हजारों लोग इसी मार्ग से गुजरेंगे परंतु विभाग का कोई ध्यान नहीं। सड़क पर जल जमाव के कारण डेंगू व मलेरिया पाव पसार रहा है। आए दिन बुखार के पीड़ित आ रहे है, लेकिन अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे हैं। सड़क के दोनों तरफ नाली के निर्माण होने से जल जमाव की जटिल समस्या से निदान पाया जा सकता है।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने मौसम को लेकर सतर्कता बरतने की दी हिदायत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकर, धनबाद, वरुण रंजन के निर्देश पर अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद विनोद कुमार ने मौसम को लेकर अलर्ट जारी कर अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, झारखण्ड, रांची ने अगले दो-तीन दिनों तक पूरे झारखण्ड में मॉनसून सक्रिय रहने तथा भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही, उत्तर पूर्वी झारखण्ड क्षेत्र में कहीं-कहीं वर्षा एवं भारी वर्षा से संबंधित चेतावनी जारी की है। धनबाद उत्तर पूर्वी झारखण्ड के अन्तर्गत अवस्थित जिला है। उन्होंने कहा भारी बारिश से किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो इसलिए सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।

## गिरिडीह शहरी क्षेत्र में एसडीएम द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र में की आधिकांश मुख्य सड़कें अतिक्रमण की चपेट में हैं द्य वही दिनों अतिक्रमणकारियों के हौसले और भी बढ़ते जा रहे हैं। नित नए स्थानों पर कब्जा जमाया जा रहा है । नतीजतन आए दिन मुख्य सड़कों पर जाम का झाम लगा रहता है । जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। इसी क्रम में आज बड़ा चौक से एसडीएम विशालदीप खलखोटके नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ द्य टीम में नगर निगम के भी कर्मी शामिल थे ।

## लगातार हो रही बारिश से एक होटल का छज्जा गिरा, तीन घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में 4 दिन से लगातार हो रही बारिश से अब घर दुकान भी गिरने लगा है। धनबाद स्टेशन रोड स्थित में मां काली होटल का छज्जा अचानक गिर गया जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। जिन्हे आनन फानन में धनबाद के एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है की इसमें दो होटल के स्टाफ है, जिनका नाम तपन और भगवान दास है। भगवान दास गांधी नगर के रहने वाले हैं, वहीं तपन पकोड़ा बंगाल के रहने वाले हैं। साथ ही एक अन्य भी घायल है।

### लगातार हो रही बरसात में घर पर गिरा पेड़ बाल बाल बचे लोग



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेतरिया सलैडीह के ग्राम बरोटांड में अहले सुबह अचानक एक कच्चे मकान पर पास खड़ा एक बरगद का पेड़ गिर गया, जिससे सोनू यादव का भरभरा कर गिर गया। घटना के बाद जहां आवासहीन हो चुके सोनू यादव के परिजनों के ऊपर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है, अब इस बरसात में दिन कैसे गुजारेंगे। वहीं घर में रह रहे गृहस्वामियों ने बताया कि वेलोग जब सुबह सो कर उठे हीं थे कि अचानक पेड़ मकान पर गिर गया। घटना के बाद जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ परंतु घर में रखा हुआ चावल, गेहूं मलबे में दब गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया की यह परिवार बहुत ही गरीब है एक ही घर में सभी छ परिवार और मवेशी के साथ रहते थे अब मवेशी के साथ परिवार सब भुखमरी के कगार पर है और इस बरसात में अब टेंट बनाकर रहने पर मजबूर है वही स्थल पर पहुंचकर मुखिया इस्लाम अंसारी उप मुखिया मोहन वर्मा मैं वीडियो से बात किया और उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## पवित्र उमराह के लिए आधा दर्जन लोग हुए सऊदी रवाना

### मो सलाउद्दीन के नेतृत्व में सैकड़ों लोगो ने दी बिदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत करमाटांड़ पंचायत से आधा दर्जन लोग मंगलवार की रात्रि में हज ए उमराह के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उमराह पर जा रहे यात्रियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। सभी ने दुआ की गुज़ारिश भी की। उमराह हज पर जाने वालों में मो इदरीस अंसारी, इनामुल अंसारी, मो युसूफ अंसारी, मो मोईनुद्दीन अंसारी, मो अब्दुल अंसारी, नसीम अंसारी, मौलाना सुल्तान, बाबा सगीर और शान अंसारी के अलावे पांच महिलाएं भी शामिल हैं। गोविंदपुर साहेबगंज रोड पर स्थित अपना हॉस्पिटल के सीएमडी मोहम्मद सलाउद्दीन के नेतृत्व में लोगो ने उमराह पर जा रहे यात्रियों का स्वागत अल्पहार और पुष्प गुच्छ देकर किया और बिदाई दी। मौके पर मो सलाउद्दीन, मो नसीर (पूर्व पी.ए), मो उजैर खान (पूर्व माडा अधिकारी), मो फिरोज, मो नवाब, मो जमशेद, मो मोकिम, मो कलीम, मो मन्नान, मो अमानुल्लाह, मो अल्तु शाह, मो डिस्का शाह, मो गुलाम शाह, मो शमीम शाह, मो अनवर अंसारी, मो इश्तेयाक अंसारी, मो मोईन, मो अजीम अंसारी आदि मौजूद थे।

## विभिन्न परियोजनाओं को लेकर बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल), पूर्व मध्य रेल (ईसीआर) के गोमो फ्लाईओवर, जुडको, एनएचएआइ तथा बीसीसीएल की परियोजनाओं को लेकर आज बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान में तेजी लाने, सभी अंचल अधिकारियों को दावा आपत्ति का निराकरण समय पर करने, परियोजना के लिए सरकारी भूमि के हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एम.के. उरांव, आईटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के संजय कुमार झा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार पटेल, संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी तथा डीएफसीसीआइएल, ईसीआर, जुडको, एनएचएआइ तथा बीसीसीएल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एससी आयोग गठन को लेकर मंत्री आलमगीर आलम से मिले पिंटू तुरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बोकारो के सर्किट हाउस में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के आगमन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी (अनुसूचित विभाग) प्रदेश संयोजक पिंटू तूरी ने मंत्रीजी से भेंट कर अनुसूचित जाति (एससी) आयोग का गठन जल्द से जल्द करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्री तुरी ने कहा की झारखंड सरकार ने कई आयोगों का गठन कर दिया, परंतु अभी तक अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ। जिस पर मंत्रीजी ने आश्वस्त किया की जल्द ही इस पर विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

# युवा शिक्षक के निधन से पूरे क्षेत्र में पसरा मातम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के सियाटांड़ पंचायत अंतर्गत गोलहैया में एक दुखद धटना से क्षेत्र में मातम है। दरअसल इस गांव निवासी प्राइवेट शिक्षक संजय कुमार वर्मा 30 वर्षीय का निधन मंगलवार देर शाम 9॰30 बजे हो गई। संजय वर्मा प्राइवेट शिक्षक थे जो आदर्श कोचिंग एवं एक निजी विद्यालय के साथ दर्जनों गांव में ट्यूशन पढ़ाकर अपना आजीविका चलाते थे। संजय वर्मा का निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया वहीं उनके घर पर सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं अन्य गांव के महिला बुजुर्ग का अंतिम दर्शन के लिए ताता लगी रही । संजय वर्मा समाज के एक ऐसे शिक्षक थे जो लगातार शिक्षा में बदलाव को लेकर प्रयासरत थे उनके पास दर्जनों से अधिक वैसे बच्चे पढ़ रहे थे जो आर्थिक रूप से कमजोर या फिर उनके ऊपर आर्थिक रूप से अभिभावक का स्पोर्ट नहीं था। शिक्षक संजय वर्मा लगातार वैसे बच्चा को मुफ्त में शिक्षा देने का काम करते थे इसके साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से भी मदद करते थे । ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में बदलाव को लेकर प्रयासरत रहने वाले शिक्षक संजय वर्मा हमेशा अपने गांव के साथ अन्य गांव के निम्न तबके एवं पीड़ित बच्चों को लगातार शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करते थे हमेशा एक साया बनकर बच्चों के साथ खड़ा रहने वाले शिक्षक के रूप में थे।

**शिक्षक का निधन होने पर सभी के आंखे हुई नम :-** निधन की खबर सुनते ही पहुंचे सभी लोगों की आंखें नम सी रह गई , हर लोगों की चेहरा पर मासूमी और उदासी इस प्रकार झलक रही थी कि शायद किसी ने अपने को खोया है ।शिक्षक संजय वर्मा अपने पीछे पत्नी एवं दो छोटे मासूम बच्चों के साथ माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्य को छोड़कर हमेशा के लिए चले गए। एक ही परिवार के दो सदस्य का निधन परिवार में मातम हैं विगत शनिवार को उनकी 80 वर्षीय दादी का निधन हुआ था वही तीन दिन के अंतराल में नाती का निधन गांव में पूरा मातम । वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति का 10वां सामूहिक विवाह कार्यक्रम 17 जनवरी को

# 10वें वर्ष 101 जोड़े लड़के व लड़कियों का शादी करवाने का निर्णय


### 21 अक्टूबर से फॉर्म भरने हो जाएंगे शुरू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक हिरापूर के वेडिंग विल्स मैरेज गार्डन में समिति के चेयरमैन मंजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सामुहिक विवाह के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 17 जनवरी 2024 को गल्फ ग्राउंड धनबाद में लगातार 10 वें वर्ष 101 जोड़े लड़के एवं लड़कियों का विवाह करवाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी धर्मों से जुड़े लड़के एवं लड़कियों की विवाह उन्हीं के धर्म के रीति रिवाजों से सम्पन्न कराएं जाएंगे। समिति के महासचिव भरतजी भगत ने बताया की अक्टूबर महीने के 21 तारीख से बेकार बांध स्थित पंडित डेकोरेटर्स में फार्म भरने शुरू हो जाएंगे।मंजीत सिंह बताया पिछले कई वर्षों से यह विवाह समाज में तिलक दहेज जैसे कुप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से निशुल्क विवाह समिति के द्वारा कराए जा रहे हैं। फार्म भरने के लिए लड़कियों की आयु कम से कम 18 साल और लड़कों की उम्र 21 वर्ष होने अनिवार्य होगा। बैठक में सचिव संजय तिवारी कोषाध्यक्ष अशोक पंडित, द्वारिका प्रसाद तीवारी, दिलिप सिंह, तारक नाथ दास, समीरन सरकार, नीरज कुमार, लल्लू साव के अलावा महिला विंग से जया सिंह, पिंकी गुप्ता, पिंकी सिंह, बिंदी पाठक, रुबी कुमारी, विभा सिंह आदि उपस्थित थीं।

## बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पांच विद्युत समस्याओं को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को बाजार समिति चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में बिजली विभाग के एसडीओ रजनीश कुमार से मिला और बाजार समिति परिसर में चल रही बिजली की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपा। जिस पर रजनीश कुमार ने जल्द से जल्द बाजार समिति परिसर की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने, टूटे हुए पोल को बदलवाने इत्यादि समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, राजकुमार अग्रवाल, जसविंदर सिंह, अरविंद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# लोहरदगा में तीन सरकारी उत्कृष्ट विद्यालय का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के 03 सरकारी विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की श्रेणी में रखा गया है। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा हुआ है। इसमें सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिन्दू, लोहरदगा, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा, लोहरदगा, सीएम उत्कृष्ट केजीबीवी, लोहरदगा हैं। जहां इन विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड किया गया है। जो क्लास 6 से 12 तक वर्तमान में संचालित है। उक्त सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा आईआईएम से सीबीएसई कोर्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाया गया है। जहाँ झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, माइनॉरिटी एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विभाग निरंतर जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा के माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। इसी ध्येय को लक्ष्य के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। शिक्षा की दिशा में विभाग ने महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। जो जिले के हरेक पंचायत तक जाएगी। इसमें सबसे अहम भूमिका उपायुक्त, लोहरदगा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग और शिक्षकों की है। उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उक्त विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन सहित शिक्षकों की कोशिश तथा स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के डेडीकेशन से उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना साकार की गई है। उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना कोरोना संक्रमण दौर के समय माननीय मुख्यमंत्री झारखण्ड के नेतृत्व में की गई थी। बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में से जिला में 03 उत्कृष्ट विद्यालय की शुरुआत की गई है। जहाँ बेहतर शिक्षा व्यवस्था तीन मानकों पर आधारित है। सही, उत्कृष्ट तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा। उत्कृष्ट विद्यालयों में सुलभ प्रक्रिया, उत्कृष्टता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता है। जो सीबीएसई के तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम से दी जा रही है। ऐसा देखा जाता है कि निजी विद्यालयों में गुणवत्ता अच्छी होती है परंतु वहां सस्ती और सुलभ व्यवस्थाएं नहीं है। माननीय मुख्यमंत्री, विभाग के सचिव महोदय एवं उपायुक्त महोदय लोहरदगा की दिशा निर्देश के फल स्वरुप इस भ्रम को शीघ्र ही खंडन होगा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सिर्फ निजी विद्यालय एवं भारी रकम खर्च करने करना ही एकमात्र रास्ता है। इन विद्यालयों के साथ धीरे-धीरे शिक्षक अधिगम के नए आयाम खुलकर सामने आएंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में इन तीनों मानकों पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जिले के सभी वर्ग-समुदाय के अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके।

भाजपा है राज्य के सर्वांगीण विकास का आधार : अजय कुमार सिंह

## भाजयुमो कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़, कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ चुनावी कार्य में लग जाए : लक्ष्मण बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजयुमो सिमडेगा द्वारा आज भाजपा सिमडेगा कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था आने वाल लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए भाजयुमो पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के लिए एक योजनाबद्ध रणनीति तैयार करना। ताकि सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा में भाजपा पार्टी जीत का परचम लहराते हुए क्षेत्र की थमी हुई विकास के पहिए को एक बार फिर से पुनः आगे बढ़ाने का कार्य करें। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ करने से पहले समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा आदरणीय महान शिक्षाविद एवं दार्शनिक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी को नमन किया गया। मंच का संचालन करते हुए भाजयुमो महामंत्री विद्या बड़ाईक ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अब पूरी ताकत के साथ चुनावी कार्य में लग जाना है। क्षेत्र में भाजपा के विधायक नहीं होने से विकास का पहिया पूरी तरह थम चुका है। यहां के जनप्रतिनिधि क्षेत्र की बुनियादी असुविधाओं को नजर अंदाज करते हुए सिर्फ तुष्टीकरण एवं ध्रुवीकरण की राजनीति में लगे हुए हैं। हमें पूरी क्षमता के साथ जनता के बीच इस ठगबंधन सरकार के नाकामियों को उजागर करना है।

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं अशफाक अंसारी को सांसद सुदर्शन भगत ने की तीन लाख की मदद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड के जोजरो,जिंगी ग्राम निवासी ऐजाजत अंसारी के पुत्र अशफाक अंसारी को एलास्टिक एनीमिया बीमारी होने पर परिवार जनों ने स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत को जानकारी दी तथा सांसद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित गति से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से उपचार हेतु तीन लाख रुपए क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर को भिजवा दिए। श्री भगत के इस संवेदनशीलता पर सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष रितेश कुमार, रोड सेफ्टी मेंबर संजय बर्मन, महिला कॉलेज प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार, अविराम ग्रुप के इंद्रजीत भारती, महावीर मंडल पूर्व अध्यक्ष मोहन दुबे, रेड क्रॉस सचिव अरुण राम, साइंस फॉर सोसाइटी सचिव राहुल कुमार, एल जी ट्रक ओनर्स एसोसिएशन प्रेसिडेंट कमलजीत सिंह, लोहरदगा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के गुलाम मुर्तुजा खलीफा, मलय दत्ता, अधिवक्ता देवाशीष कार, अनिल पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर अग्रवाल, सरवर आलम, मो पाले, दीपक जयसवाल, अजय पंकज, फिरोज शाह, देशराज गोयल आदि ने आभार व्यक्त करते हुए मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## ब्लड डोनेशन कैंप की सफल आयोजन के लिए अविराम को किया गया पुरस्कृत




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के द्वारा नियमित रूप से सामुदायिक सेवाओं का आयोजन किया जाता है, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की पदाधिकारी सुश्री कुंदन गिद्ध को ब्लड डोनेशन कैंप के सफलतापूर्वकआयोजन पर लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो और डॉ सान, उमेश कुमार, सद्दाम हुसैन, देशराज गोयल, अजय पंकज आदि गणमान्यों की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया तथा अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जसीमा लकड़ा और संतोष कुमार यादव प्रशिक्षु भी उपस्थित थे।प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत रेणुका, महतो, पवन, आफताब जंगबहादुर, ममता, ऋतु, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की पुनः जल्दी ही ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# श्रमिक मजदुर किसान को सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं का दी गई जानकरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष विनोद भगत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर, किसान, श्रमिक महिला पुरुष शामिल हुए। उपस्थित सभी लोगों को झारखण्ड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही जिला पशुपालन पदाधिकारी अनूप कुमार प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, डॉ अमरदीप तिग्गा, डॉ रोहित कुमार डॉक्टर जिला कल्याण विभाग के लिपिक राजेंद्र उरांव, लिपिक, दिनकर टाना भगत द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं का विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसे जानकारी होने पर ग्रामीण क्षेत्र के कोई भी मजदूर, किसान और महिलाएं,पुरुष लाभ लेने से वंचित न रहे। जिसके लिए सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन गांव गांव में जागरूकता अभियान चला रहा है। साथ ही पशुपालन विभाग की ओर से गाय, मुर्गी, बत्तख, शूकर, बकरी पालन तथा किसानों को खेती करने के लिये डिप बोरिंग सहित अन्य कल्याणकारी और विकास योजनाओं का भी जानकारी दिया गया। कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सभी कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी दिया गया। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी अनूप कुमार,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार, डॉ अमरदीप तिग्गा, रोहित कुमार, मजदूर ट्रेड यूनियन अध्यक्ष बिनोद भगत, कोषाध्यक्ष सीता कुमारी, महासचिव सुखदेव उराँव, लिपिक राजेन्द्र उराँव, दिनकर टाना भगत, एटीएम प्रीता रानी, बिटीएम स्नेहलता भगत, सुमन कुमार के अलावे सैकडों ग्रामीण महिला पुरुष मजदूर किसान और श्रमिक उपस्थित थे।

# शाहिद एसपी अजय कुमार सिंह की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे : हरीश बिन जमां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहीद एसपी स्व अजय कुमार सिंह की शहादत दिवस पर अजय उद्यान पार्क में बुधवार को शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट तथा नगर परिषद द्वारा पुस्पांजलि सह सर्व धर्म प्राथना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह एस पी हारिश बिन जमां डीडीसी नगर परिषद कार्यपदाधिकारी आदि उपस्थित थे। मौके पर एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि लोहरदगा मे पदस्थापित तत्कालिक जाबांज एसपी अजय कुमार सिंह ने नक्सलियों के खात्मा तथा अमन चैन के लिए लोहरदगा जिले अतिनक्सल प्रभावित श्रेत्रो पेशरार में नक्सलियों से लोहा लेते हुए 4 अक्टूबर 2000 को पूलिस सेवा के सर्वोच्च बलिदान जान देकर किया। हम उनके कुर्बानी को ब्यर्थ नही जाने नही देगें हम सभी पुलिस के जवान उनसे प्रेरणा लेते हुए नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखेगें। उन्होंने भटके लोगों से जल्द रास्ट्र के मुख्य धारा में लोटने को कहा साथ ही साथ जिले वासियों से आह्वान किया कि जिले मे अमन चैन सद्भावना तथा बिकास के लिए पुलिस का सहयोग करें।डीडीसी ने शहीद अजय कुमार सिंह की बीर गाथा को उलेख करते हुए कहा कि जिले वासी श्रेत्र के बिकास में पुलिस का सहयोग सहयोग करे। ट्रस्ट सचिव चन्द्रशेखर प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि शहीद अजय कुमार सिंह के याद में अजय उद्यान पार्क बना है यह पार्क हमेशा कर्त्तव्य पथ पर चलने का पेरना हम सभी को देता रहेगा। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा अजय उद्यान पार्क पहले अजय ट्रस्ट के द्वारा चलाया जा रहा था अब नगर परिषद के देख रेख मे चल रहा है उन्होंने कहा कि शहीद अजय कुमार सिंह की कुर्बानी व बीर गाथा को जीवंत बनाये रखने के लिए पार्क को और बिकसित किया जाएगा। सभा को सीआरपीएफ के पदाधिकारी व अन्य ने संबोधित किया।

## लगातार वारिस से कच्चा घर गिरा, बाल-बाल बचे घर में सो रहे पति और पत्नी



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड क्षेत्र के नरौली पंचायत अंतर्गत ख्वास अम्बवा निवासी हौड़ी उरांव का कच्चा मिट्टी का घर बीते 03 अक्टूबर मंगलवार की रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण घर गिर गया है। हौड़ी उरांव काफी गरीब व्यक्ति है। दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। घर गिरने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। हौड़ी उरांव बताते हैं कि मंगलवार की रात परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद सो रहे थे। तीन दिनों से लगातार बारिस होने से कच्चा मिट्टी का दीवार अचानक बीते मंगलवार की रात्रि में गिर गया। जिससे सो रहे सभी सदस्य बाल बाल बच गए। अब परिवार के बीच समस्या खड़ा हो गया है। हौडी उराँव ने प्रेस के माध्यम से कैरो प्रखंड-सह अंचल प्रशाशन से मदद की गुहार लगाई है।

# लगातार हो रही बारिश के कारण कई कच्चा मकान गिरा कोई हताहत नही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगतार रुक रुक कर हो बारिश के कारण सेन्हा सहित विभिन्न पंचायत गांव में कच्चा खपरैल मकान गिरा कोई हताहत नही वही गरीब परिवार के बीच रहने की समस्या उतपन्न हो रही है। बताया जाता है की सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत एवं सेन्हा पंचायत ग्राम में लगतार हो रही बारिश के कारण कच्चा खपरैल मकान ध्वस्त हो गया। साथ ही कुछ परिवार का मकान गिरने के कगार पर है। जानकारी के अनुसार बता दें सेन्हा पंचायत ग्राम स्थित महबुल अंसारी का कच्चा खपरैल मकान का दीवार का कुछ हिस्सा गिर गया है। जबकि अलौदी पंचायत के चंदवा गढ़गांव में अहले सुबह मकान गिरने से बाल बाल बचा गरीब परिवार बताया जाता है कि घटना के समय सीताराम मुंडा के पुत्र रवि मुंडा अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। जिसे कि अचानक घर गिरने का आवाज सुन जान बचा कर परिवार के सदस्य भागने में सफल रहे जिस कारण बड़ी दुर्घटना टल गई साथ ही गढ़गांव में ही स्व बहादुर मुंडा के पुत्र सूरजदेव मुंडा का मकान पूर्ण रूप से गिर कर हो गया। जिससे सभी परिवार के बीच रहने की समस्या बना हुआ है। वही मकान गिरने से घरेलू सामग्री नष्ट होने की भी बात बताई जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार तोड़ार पंचायत के बाजार डांडू महूरांग टोली निवासी स्वर्गीय शिव नायक के पुत्र लीलाधर नायक का कच्चा मकान गिरा जिसे कोई हताहत नही हुआ मकान क्षतिग्रस्त होने की घटना का सूचना पीड़ित परिवारों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को अवगत कराते हुए सरकारी सहायता का गुहार लगया गया है।

## किस्को प्रखंड अंतर्गत पाखर पंचायत के हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संकल्प सप्ताह में निर्धारित कार्यक्रमानुसार आज बुधवार को दूसरे दिन समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से आकांक्षी प्रखंड किस्को के पाखर पंचायत के हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबकी आकांक्षाएं सबका विकास÷ कार्यक्रम के तहत पोषण मेला कार्यक्रम विशेष रूप से सुपोषित परिवार के लिए आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को काम करना है। यह कार्यक्रम किस्को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा प्रतियोगिता के विजेता माता को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। मेला में पौष्टिक आहारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। साथ ही गोद भराई एवं अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कृषि विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया। किशोरी बालिका द्वारा पत्तेदार सब्जियों की फैंसी ड्रेस परिधान का शो आयोजित किया गया।

## गरीबों के मसीहा के रुप में जाने जाते हैं असीसी के संत फ्रांसिस : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत फांसिस असीसी चर्च नानेसेरा में बुधवार को असीसी के संत फांसिस पर्व सह स्थापना दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर सुबह में विशेष मिस्सा पूजा हुई। मिस्सा पूजा में पल्ली पुरोहित जुगल किशोर लकड़ा,फादर रोशन टोप्पो, फादर तुषार कछुआ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए। साथ ही सभी लोगों को पर्व की बधाई दी। मौके पर अपने सम्बोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज हम संत फांसिस ऑफ असीसी का पर्व मना रहे हैं। असीसी के संत फांसिस दुनिया में सबसे लोकप्रिय संतों में से एक हैं। आज हम सभी की असीसी के संत फांसिस के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनके बताए मार्गों का अनुशरण करने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि असीसी के संत फांसिस गरीबों के मसीहा के रुप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी गरीबी, विनम्रता और सादगी के कारण स्वर्ग और पृथ्वी पर सबसे महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके द्वारा शुरू किया गया फांसिसकन परिवार पृथ्वी पर सबसे बड़ा आध्यात्मिक परिवार है। उन्होंने कहा कि आप सभी मसीही न केवल सन्त फांसिस के भक्त बनें, बल्कि उनके सच्चे शिष्य भी बनना है। विधायक ने लोगों को असीसी के संत फांसिस की तरह बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम अपनी चिंताओं से ऊपर उठें और ईश्वर में सच्चे आनंद का खजाना और वास्तविक खुशी का खजाना खोजें। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू, तेज कुमार लकड़ा, पूनम लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, धर्म बहनें और मसीही विश्वासी शामिल थे।

## विधायक कोलेबिरा के तत्वधान में कांग्रेस पार्टी वीर शहीद तेलेंगा खड़िया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट बालक व बालिका का शुभारंभ प्रखंड स्तर में किया गया



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड में पांच दिवसीय टूर्नामेंट विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के तत्वाधान में कांग्रेस पार्टी वीर शहीद तेलेंगा खड़िया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट बालक एवं बालिका का प्रखण्ड मैदान में सुभारंभ किया गया जिसका मुख्य संरक्षक माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी है। इस टर्नामेंट में ठेठईटांगर प्रखंड के सभी पंद्रह पंचायत के बालक एवं बालिका के टीम आएंगे। आज का मैच बालिका वर्ग से कोनपाला बनाम घुटबहार के बिच खेला गया जिसमे कोनपाला 1-0 से बालक से बाघचट्टा 1-0 की टीम विजय हुई। मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम ने कहा कि माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियों को मौका देने के लिए तैयार हैं इसी निमित्त से इस टूर्नामेंट का आयोजन करा रहे हैं प्रखंड स्तर के बाद विधानसभा स्तर में भी यह खेल हर वर्ष आयोजित किया जाएगा इस खेल में सभी महिला तथा पुरुष के टीम को एक-एक सेट जर्सी तथा फुटबॉल दिया गया है सभी को अपने खेल का प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा प्रखंड स्तर के विजेता एव उपविजेता टीम को पुरस्कार दिया जाएगा उसके बाद विधानसभा स्तरीय टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया है वही मौके पर मौजूद मंडल अध्यक्ष जॉन लकड़ा ने कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी तत्वाधान में इतना अच्छा खेल का आयोजन किया गया है इससे हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक सुनहरा मौका दिया जा रहा है आगे बढ़ने के लिए आप सभी खिलाड़ि अच्छा खेल का प्रदर्शन कर आगे बढ़े। मैच का रेफरी का भूमिका मोहम्मद आमान ने निभाई। मौके पर मौजूद प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, अतुल बारला, बेनेदिक लकड़ा, वाल्टर लुगुन, प्रिंस कुमार,समरसन बागे, रोयान डांग, बीरबल बड़ाइक, इशाक डुंगडुंग, शाहबाज अली, जेम्स कांडूलना, विकास डुंगडुंग, हरिश आलम, सुमित डुंगडुंग, जिवन, आदि उपस्थित थे।

## नेशनल वालीबॉल में इंटर कॉलेज तृतीय

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा के खिलाड़ियों ने किया उम्दा प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के चांपा में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 34 वां अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्षेत्र स्तर पर अंडर-19 कैटेगरी में चैंपियन होने के बाद बिहार (उत्तर पूर्व) क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में गई। सेमी फाइनल से पूर्व चार अलग-अलग क्षेत्र की टीमों के साथ स्पर्धा की श्रृंखला में पहले मुकाबले में पश्चिम उत्तर प्रदेश से पराजय का सामना करना पड़ा। किंतु इसके बाद टीम ने दक्षिण क्षेत्र,मध्य क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र को लगातार पराजित करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बुधवार को हुए सेमीफाइनल में दक्षिण मध्य क्षेत्र की टीम के साथ भिड़ंत में कड़े मुकाबले में प्रथम सेट में 22-25 और द्वितीय सेट में 21-25 से पराजय का सामना हुआ। इसके बाद तीसरे स्थान के लिए मुकाबले में पूर्वी उत्तर प्रदेश को 16-14 से पराजित कर पूरी प्रतियोगिता में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। समापन समारोह में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और विद्या भारती के राष्ट्रीय खेल संयोजक मुखतेज सिंह बदेशा ने अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान कर टीम को सम्मानित किया। टीम 5 अक्टूबर को वापस लौटेगीद्य टीम में कप्तान सुजल बाखला, पुनीत उरांव, हरीश उराव, चरणजीत उरांव, निशित उरांव, रेहान फजल, जितेश उरांव, रोशन कुमार रवि, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत एवं अजीत भगत और टीम मैनेजर के रूप में आचार्य रितेश कुमार पाठक शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थित दर्ज करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रबंधकारिणी समिति और विद्यालय परिवार ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## छलांग प्रोजेक्ट के तहत विद्यालयों में दो दिवसीय शारीरिक शिक्षा और खेल विकास हेतु शिक्षकों की क्षमता निर्माण कार्यशाला की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट) में साख फॉउंडेशन के माध्यम से छलांग प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेल विकास हेतु शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला की शुरुआत हुई।पीरामल फाउंडेशन जिला स्तर पर दो गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से पांच ब्लॉकों में छलांग प्रोजेक्ट को कार्यान्वित और सहायता प्रदान कर रहा है। ई.एल.एम.एस स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा छलांग प्रोजेक्ट चलाई जा रही है। कार्यशाला में सिमडेगा, ठेठईटांगर और पाकरडांर प्रखंड के लगभग 50 शिक्षक इस कार्यशाला में उपस्थित थे। रांची से आये प्रोग्राम मैनजर मृतुन्जय चंद्रा के द्वारा प्रोजेक्ट छलांग की अवधारणा, कार्यक्रम का उद्देश्य, मापने योग्य परिणाम, शारिरिक शिक्षा और खेल के महत्व आदि पर विस्तरित रूप से झारखंड के परिपेक्ष्य में जानकारी दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि छलांग प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में शरीरिक कौशल में विकास में छात्रों के सीखने में सुधार, खेल गतिविधियों में बालिकाओं की भागीदारी में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण सुधार, बालिकाओं की उपस्थिति में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण सुधार, प्रत्येक छात्र के लिए 40 घण्टे की वार्षिक शारिरिक शिक्षा सुनिश्चित, ऐसे विद्यार्थियों की भी पहचान की जाएगी जिनमें एथलेटिक्स क्षमता आदि विकास हेतु कार्य कर रही है। कार्यशाला में सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है साथ ही ट्रेजर हंट, दूज हैंड बोल, बोल पासिंग बिटवीन दा लेग, टिक टैक तो आदि खेल के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना के डीपीएम अलका लकड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम चार जिले में 100 स्कूल में कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में एक तरह की मानसिक या आईक्यू नहीं होते हैं ऐसे बच्चों को भी किस तरह से मोटिवेट किया जाए इस पर हम सभी को मिलकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आपके स्कूल के सभी बच्चों को ऐसे गतिविधियों में शामिल किया जाना चाहिए ताकि बच्चों में सर्वांगीण विकास हो सकें। फील्ड मैनजर प्रसांत मंगल पांडेय ने कहा कि खेल के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना है क्योंकि खेल में अपर सम्भावना है। उन्होंने कहा कि जो भी खेल आयोजित होता है उसमें अधिक से अधिक विद्यार्थी पार्टिसिपेट करें यह हमें ध्यान देना है।

## चलते चलते एक नजर

### गरीब का राशन चोरी करने वाले अधिकारी पदाधिकारी को बख्शा नहीं जायेगा : देवेन्द्र

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राशन कटौती के खिलाफ झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिती के केन्द्रीय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय का घेराव किया गया । जिसमें सिल्ली प्रखण्ड आस पास के सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए, सिल्ली प्रखण्ड आपूर्ती पदाधिकारी से वार्ता के बाद समस्या का सामाधान का लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि सिल्ली प्रखण्ड भ्रष्टाचार का अड्डा और कचड़ा का डब्बा बन गया है, हक अधिकार का लूट चरम पर है। घेराव को सफल बनाने में देवेंद्र नाथ महतो, संजीव, खुदीराम, प्रकाश, संजीव, सुमन, के अलावा अन्य सैकड़ों ग्रामीण अहम योगदान दिया।

### कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्डिनल तेलस्फोर पी टोप्पो के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। मरांडी ने कहा कि टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी कार्डिनल बने थे। मरांडी ने स्व टोप्पो की आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि कार्डिनल ने मांडर के लिंक्स हॉस्पिटल के आईसीयू में बुधवार को अंतिम सांस ली।

### जमीन घोटाले मामले के आरोपित भानु की जमानत याचिका खारिज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमीन घोटाले मामले के आरोपित बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद भानु की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। भानू को ईडी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था। ईडी ने भानु को राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री मामले में संलिप्त बताते हुए गिरफ्तार किया था।

### सांसद ने रांची की सड़कों की मरम्मत को लेकर नगर विकास सचिव को लिखा पत्र

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):**दुर्गापूजा से पूर्व रांची शहर की सड़कों की मरम्मत को लेकर सांसद संजय सेठ ने नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे को बुधवार को पत्र लिखा है। पत्र में सांसद ने नगर विकास सचिव को शहर की परिस्थितियों से अवगत कराते हुए, युद्ध स्तर पर दुर्गापूजा से पहले इन सभी सड़कों का निर्माण और मरम्मत करने को कहा है। सचिव को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि रांची में तीन फ्लाई ओवर का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर, कांटाटोली फ्लाई ओवर के साथ ही राजेंद्र चौक डोरंडा के समीप भी फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस वजह से व्यापक जाम भी लग रहा है और नागरिकों को समस्या भी हो रही है।

# उपायुक्त आवास कितना सुरक्षित : प्रथम महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने फिर से दुख जाहिर करते हुए कहा कि कुछ लोग शहर की सुंदरता को तहस-नहस करने में लगे हुए हैं।

तभी एक साजिश के तहत मंगलवार की रात शहीद चौक (कचहरी चौक) जो शहर का एक तरह से सेल्फी प्वाइंट बन गया है, रोड के किनारे लगे धौलपुर जाली को तोड़ दिया गया। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य इस बात का है की उस



चौक पर डीसी पलामू का संतरी रात और दिन ड्यूटी करता है। फिर भी ना ही वह लोग तोड़ने वाले को देख पाए और अगर देखे तो ना ही उसे तोड़ने से रोक पाए।

ऐसे में उपयुक्त आवास कितना सुरक्षित होगा यह सोचने की बात है। मैं आरक्षी अधीक्षक से मांग करती हूं कि स्टेट बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज देखते हुए ऐसे शरारती लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। और इनके पीछे कौन ताकत दे रहा है, पता कराई जाए। ताकि शहर की खूबसूरती को बचाई जा सके।

## दिवंगत न्यायाधीश के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड उच्च न्यायालय के दिवंगत न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दिवंगत न्यायाधीश के डोरंडा स्थित आवास पहुंचकर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

## रांची में मॉक ड्रिल : लश्कर-ए-तैयबा के तीन आंतकी ढेर, वीवीआईपी मुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिले के डोरंडा स्थित जैप-1 ग्राउंड में बुधवार को बम के धमाके होने लगे। यह धमाका आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और लश्कर-ए-तैयबा के बीच हुआ। एटीएस की टीम वीवीआईपी को छुड़ाने को लेकर हमला कर रही थी।

यह लाइव मॉक ड्रिल 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट में हो रहा था। झारखंड पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली कि गढ़वा से रांची जा रहे एक वीवीआईपी को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने अगवा कर लिया है। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने आतंकियों से निपटने के लिए तुरंत एटीएस को भेजा। एटीएस की टीम वारदात की जगह पहुंची और बहादुरी दिखाते हुए बंधक बनाए गए वीवीआईपी को छुड़ा लिया। साथ ही एटीएस ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को भी मार गिराया।

दूसरी ओर मॉक ड्रिल के दौरान डॉग स्क्वायड की टीम ने लूट की घटना का खुलासा किया। एक व्यक्ति को दो लोग लूटकर भाग गये। पुलिस और डॉग स्क्वायड टीम पहुंची। डॉग स्क्वायड टीम ने छिपे हुए अपराधियों को पकड़ लिया। एटीएस और डॉग स्क्वायड की टीम के मॉक ड्रिल ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया।

## एमके सिंह होंगे बाबु दिनेश सिंह विवि के प्रथम कुलपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के प्रथम कुलपति के पद पर प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह की नियुक्ति अगले तीन वर्षो तथा सेवा विस्तार के साथ अतिरिक्त दो वर्षो तक के लिए किया गया है। राज्यपाल,मुख्यमंत्री तथा उच्च तकनिकी शिक्षा विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत आदेशो के अलोक में बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के कुलाधिपति के पद पर दिनेश प्रसाद सिंह अध्यक्ष, वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की नियुक्ति पूर्व में की गयी थी। कुलपति की नियुक्ति नियमानुसार सर्च समिति गठित कर एक अक्टूबर 2023 को आयोजित साछात्कार में सम्मिलित उम्मीदवारों में से समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुसंशित व समर्पित तीन नामो के पैनल से मेधा सूचि के आधार पर



कुलाधिपति बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह को अगले तीन वर्षो तथा सेवा विस्तार के साथ अतिरिक्त दो वर्षो तक के लिए इस विश्वविद्यालय का प्रथम कुलपति नियुक्त किया गया है। तदनुसार इसकी सुचना सम्बंदिथ पधाकारी, झारखण्ड सरकार तथा भारत सरकार को विश्वद्यालय अधिसूचना संख्या 34 दिनांक 3.10.2023 द्वारा कर दी गयी। अधिसूचना के अनुसार पद ग्रहण करने की तिथि से कार्य का संपादन बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय एक्ट 2023 के अनुसार कुलाधिपति के निर्देशानुसार करते रहेंगे। प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह को वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी संस्थानों तथा इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कोर्सो के सञ्चालन का दयीत्वा दिया गया है तथा वे झारखण्ड सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा भारत सरकार सम्बंधित निर्देशों के आलोक में उनके अधिसूचना की अविधि तक कार्य का संपादन करते रहेंगे.बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति के पश्चात सभी कोर्सो का सञ्चालन तत्काल प्रभाव से करते रहेंगे।


**प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह से संबधित विवरणी**

भूतपूर्व कुलसचिव, विनोबा भावे विश्वद्यालय हजारीबाग, भूतपूर्व परीक्षा नियंत्रक, विनोबा भावे विश्वद्यालय, हजारीबाग, भूतपूर्व कुलसचिव एनआइटी मिजोरम, प्राचार्य, मरखाम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग,चेयरमैन, बिओसीएस कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, अध्यक्ष इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन हजारीबाग, उपाध्यक्ष आईआइपीए, झारखण्ड इकाई तथा अन्य कई गरिमामयी पदों को इन्होने सुसोभित किया है।

# सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पर पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने पंजाब सरकार को जमकर फटकार लगाई. अदालत ने अब तक नहर का निर्माण नहीं किए जाने पर सख्त लहजे में कहा कि हमें कठोर आदेश देने पर मजबूर ना करें.अदालत ने पंजाब सरकार को कोर्ट की मर्यादा का पालन करने की हिदायत दी. अदालत ने कहा कि पिछले दो दशक से सतलुज-यमुना लिंक नहर का निर्माण ना होने पर हम चिंतित हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सतलुज-यमुना लिंक नहर की जिम्मेदारी केंद्र सरकार को सौंपते हुए कहा कि पंजाब में सतलुज-यमुना लिंक नहर के लिए अधिग्रहीत जमीन वापस ना लौटाई जाए. अब जमीन का सर्वे केंद्र सरकार करे.



**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगी ये जानकारी**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को ये भी निर्देश दिया है कि वह अदालत को ये भी बताए कि निर्माण कार्य अब तक कितना हो चुका है. साथ ही केंद्र सुलह को लेकर दोनों राज्यों के बीच बात करता रहे. पानी की मौजूदा स्थिति को लेकर भी अदालत को अवगत कराया जाए. ये सभी जानकारियां मुहैया कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दो महीने का समय दिया है. अब अदालत इस मामले की सुनवाई जनवरी 2024 में करेगा.

**सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने कड़ी टिप्पणी की. बेंच ने कहा कि इस तरह के मामले में राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं लेकिन कुछ करना होगा. पंजाब में नहर का निर्माण करना ही होगा. अदालत को परेशान करने वाला आदेश देने के लिए बाध्य ना करें.

जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने सख्त लहजे मे कहा कि पंजाब सरकार को मामले में सहयोग करना होगा. अदालत ने कहा कि आप मिलकर मामले का हल निकाले, हमें कोई सख्त आदेश जारी करने पर मजबूर ना करे.

**नहर निर्माण के लिए आगे आए पंजाब सरकार**

वहीं हरियाणा सरकार की तरफ से श्याम दीवान ने कहा कि सतलुज-यमुना लिंक नहर का निर्माण किया जाना चाहिए. पंजाब सरकार को इसके लिए आगे आना होगा. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्री को मीटिंग कर विवाद का हल निकालने का आदेश दिया था.

## संजय सिंह के घर पर ईडी ने की छापेमारी, भड़के सीएम केजरीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कथित शराब घोटाला मामले में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के घर पर आज ईडी पहुंचने पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने करारा हमला बोला है. संजय सिंह पर हुई ईडी की कार्रवाई पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि पिछले एक साल से हम देख रहे हैं कि तथाकथित शराब घोटाले का शोर कर रखा है. इस मामले में अब तक 1000 से ज्यादा छापे पड़ चुके हैं लेकिन फिर भी एक पैसे की रिकवरी नहीं हुई है. सीएम ने कहा कि यह बस घोटाले का आरोप लगाते रहते हैं.

# जेसीआई रांची ने भूमि पूजन कर एक्सपो उत्सव 2023 की नींव रखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई राँची ने मोराबादी मैदान में भूमि पूजन कर एक्सपो उत्सव 2023 की नींव रखी। भूमि पूजन जेसीआई राँची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने अपनी पत्नी ऋचा राजगढ़िया के साथ मिलकर किया, इस भूमि पूजन के बाद मोराबादी मैदान में टेंट, हैंगर एवं स्टॉल निर्माण का कार्य आरंभ हो गया है। इस बार यह एक्सपो 12 से 16 अक्टूबर के बीच मोराबादी मैदान में लग रहा है जिसमें 300 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल लगा रहे हैं जो राँची वासियों के लिए एक नए अनुभव का केंद्र होगा।इस बार टेंट हैंगर और स्टाल्स में काफ़ी कुछ नया देखने को मिलेगा।हेंगर के अंदर लोगों के लिए चलने की जगह काफ़ी बड़ी कि जा रही है जिससे कि भीड़ में भी कोई दिक्कत नहीं आये ।अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि इस वर्ष हम लोग बच्चों




के लिए एम्यूजमेंट पार्क फनगोला एवं मिडनाइट कार्निवल लेकर आ रहे हैं। इसके साथ ही ऑटोजोन, होम डेकोर, रियल एस्टेट, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार, लेडीज कॉर्नर, फूड कोर्ट व अन्य सभी तरह के स्टॉल लेकर आ रहे हैं। सचिव तरूण अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में हर दिन अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हर वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं जैसे की मिसे एक्सपो राँची, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, वॉइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे इसके साथ ही इस बार एक्सपो में लोगों को एंटरप्रेन्योरशिप पर मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा के द्वारा ट्रेनिंग कराया जाएगा।

एक्सपो उत्सव 2023 के मुख्य संयोजक संजय जैन है एवं सहसंयोजक प्रतीक जैन, सनी केडिया व राहुल टिबजेवाल हैं।

एक्सपो उत्सव 2023 के टाइटल स्पॉन्सर अदिति ओरो डेंटल केयर, शैलबाए डिवाइन, अनअकैडमी एवं एसोसिएट पार्टनर तेजस्विनी कंस्ट्रक्शन, फोटोन गैलेक्सी, बागला सिक्योरिटीज एंड ऑटोमेशन, अल्पाइन मैंगो टैंगो, कैफिनेटर्स, बालाजी नमकीन, एआरबी फोटोग्राफी एवं स्वर्ण भूमि बैंक्वेट है। आज की भूमि पूजन कार्यक्रम के संयोजक नवीन गाड़ोदिया थे। पूजन में बिना अग्रवाल, अमिता केडिया ,सचिव तरुण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक केडिया, विजय पटेल, आनंद धानुका, नारायण मुरारका, अभिनव मंत्री , राकेश जैन,व सदस्य सुशील केडिया, विनय मंत्री, पीयूष केडिया,रोबिन गुप्ता,निखिल अग्रवाल, देवेश जैन, रवि आनंद, अंकित अग्रवाल, आदित्य जालान , रौनक़ जैन व अन्य लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई राँची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दिया।

